DELHI CRIME 21 apr 2022:Layout 1 4/20/2022 7:40 AM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | वीरवार 21 अप्रैल 2022 | पीडीएफ अंक-01 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा देश भर में करा रही है दंगा : आप




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के जहांगीरपुरी में हुए दंगे के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया है। आप नेता राघव चड्ढा ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि भाजपा पूरे देश में दंगे करवा रही है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले भाजपा मुख्यालय पर बुलडोजर चलाना चाहिए। चड्ढा ने कहा कि सारे दंगे गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर कराए जा रहे हैं। इस लिए उनके घर पर भी बुलडोजर चलाना चाहिए। वहीं पार्टी नेता और दिल्ली की विधायक आतिशी ने कहा कि दिल्ली सहित देश भर में दंगों के लिए भाजपा ही जिम्मेदार है। उल्लेखनीय है कि हनुमान जयंती के अवसर पर शोभायात्रा पर पथराव होने के बाद सुर्खियों में आए जहांगीरपुरी में नगर निगम की टीम ने आज अवैध कब्जों पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई की आप, कांग्रेस और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा सहित दूसरे विपक्षी दलों ने विरोध किया है। विपक्षी दलों का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के रोक के बाद भी निगम कार्रवाई करती रही।

### दिल्ली में मास्क नहीं लगाने पर फिर लगेगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मरीजों ने सरकार और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच बुधवार को दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (डीडीएमए) की महत्वपूर्ण बैठक में इस स्थिति पर अहम फैसला लिया गया। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में अब सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर फिर 500 रुपये का जुर्माना लगेगा। फिलहाल स्कूल अभी बंद नहीं होंगे। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में मास्क लगाना अनिवार्य होगा। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर मास्क नहीं लगाने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने का फैसला किया गया है। इसके अलावा टेस्टिंग में तेजी लाई जाएगी। जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है, उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विशेषज्ञों से बात कर स्कूलों के लिए नई एसओपी जारी की जाएगी। बैठक में कहा गया कि स्थिति से घबराने की नहीं, सावधानी बरतने की जरूरत है। यह बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप राज्यपाल अनिल बैजल ने की। इस बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत और स्वास्थ्य विभाग के अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### नरेश कुमार होंगे दिल्ली के नए मुख्य सचिव विजय देव की लेंगे जगह



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नरेश कुमार को दिल्ली का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। नरेश कुमार पूर्व में दिल्ली में एनडीएमसी के अध्यक्ष व डीटीसी के प्रबंध निदेशक रह चुके हैं। नरेश कुमार एजीएमयूटी कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कुमार का अरुणाचल प्रदेश से दिल्ली तबादला किया गया है। अब तक वह अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिंव का पदभार संभाल रहे थे। आदेश में कहा गया है कि आईएएस अधिकारी विजय देव के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद नरेश कुमार को दिल्ली का मुख्य सचिव नियुक्त किया जाता है। बता दें गृह मंत्रालय ने मंगलवार वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी करने के साथ ही दिल्ली के अगले मुख्य सचिव के रूप में नरेश कुमार की नियुक्ति का आदेश भी जारी कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी चला बुलडोजर




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनवाई के दौरान यथा स्थिति रखने के आदेश के बाद भी जहांगीरपुरी में बुलडोजर चलता रहा। स्थगन आदेश की जानकारी मिलते ही एमसीडी ने मस्जिद परिसर के अतिक्रमण हटाने बुलडोजर भेज दिया। एमसीडी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी अधिकृत रुप से नहीं मिलने की बात कहकर मस्जिद से लगी हुई दुकानों एवं गेट का अतिक्रमण बुलडोजर से तोड़ दिया। इसी बीच पूर्व सांसद बृन्दा करात जहांगीरपुरी पहुंची। उन्होंने एडीशनल डीजी सुरक्षा दीपेन्द्र पाठक से चर्चा कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी दी। उसके बाद बुलडोजर की कार्यवाही रोकी गई। सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी एमसीडी के अधिकारियों ने तोड़फोड़ जारी रखी। इसे सुप्रीम कोर्ट की अवमानना भी कहा जा रहा है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की पुनः सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद उ.प्र., म.प्र., गुजरात सहित अन्य राज्यों में चल रहे बुलडोजर की कार्यवाही थम जाएगी। इस पर सुप्रीम कोर्ट, केन्द्र सकार एवं राज्य सरकारों का क्या रुख होगा यह कल की सुनवाई के बाद ही स्पष्ट होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस मामले को उठाया। दवे ने कहा कि यह नार्थ डेल्ही म्यूनिसिपल कारपोरेशन द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान जहांगीरपुरी इलाके में शुरू किया गया, जहां हाल की में सांप्रदायिक संघर्ष हुआ है. दवे ने कहा कि यह गंभीर मामला है, जिसके लिए शीर्ष अदालत के तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। दवे ने कहा, किसी को कोई नोटिस दिए बगैर जहांगीरपुरी इलाके में पूरी तरह से अनाधिकृत और असंवैधानिक विध्वंस का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा अधिकारियों को लोगों को कम से कम पांच-छह दिन पहले नोटिस देना चाहिए था। दवे ने कहा कि इसे दोपहर 2 बजे शुरू किया जाना था, लेकिन उन्होंने सुबह 9 बजे से ही विध्वंस की कार्रवाई शुरू कर दी, यह जानते हुए कि मामले को अदालत के सामने रखा जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने विध्वंस अभियान पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया और मामले को गुरुवार को सुनवाई के लिए उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की।

# भारत विकसित कर रहा है 'आयुष मार्क', देश के गुणवत्ता वाले आयुष उत्पादों को देगा प्रामाणिकता : प्रधानमंत्री मोदी

**– पारंपरिक उपचार के लिए भारत आने वालों के लिए शुरू होगी आयुष वीजा श्रेणी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि भारत 'आयुष मार्क' विकसित कर रहा है जो देश के गुणवत्ता वाले आयुष उत्पादों को प्रामाणिकता प्रदान करेगा। साथ ही उन्होंने पारंपरिक उपचार के लिए भारत आने वालों के लिए आयुष वीजा श्रेणी शुरू करने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गुजरात के गांधीनगर में महात्मा मंदिर में आयोजित वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत के हर्बल प्लांट को ग्रीन गोल्ड की संज्ञा देते हुए कहा कि प्राकृतिक संपदा को मानवता के हित में उपयोग करने के लिए सरकार हर्बल और मेडिसनल प्लांट के उत्पादन को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में हमने देखा कि मॉर्डन फार्मा कंपनियों और वैक्सीन मैन्यूफैक्चर्स को उचित समय पर निवेश मिलने पर उन्होंने कितना बड़ा कमाल करके दिखाया। कौन कल्पना कर सकता था कि इतनी जल्दी हम कोरोना की वैक्सीन विकसित कर पाएंगे। उन्होंने



कहा कि आयुष के क्षेत्र में निवेश और नवाचार की संभावनाएं असीमित हैं। आयुष दवाओं, सप्लमेन्ट्स और कॉस्मेटिक्स के उत्पादन में हम पहले ही अभूतपूर्व तेजी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां आयुष क्षेत्र 3 बिलियन अमेरिकी डालर से भी कम था वो अब बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डालर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय ने ट्रेडिशनल मेडिसिन्स क्षेत्र में स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए कई बड़े कदम उठाएं हैं। कुछ दिन पहले ही अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के द्वारा विकसित एक ऊष्मायन केंद्र का उद्घाटन किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तो ये यूनिकॉर्न्स का दौर है। साल 2022 में ही अब तक भारत के 14 स्टार्ट-अप्स, यूनिकॉर्न क्लब में जुड चुके हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि बहुत ही जल्द आयुष के हमारे स्टार्ट अप्स से भी यूनिकॉर्न उभर कर सामने आएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत जरूरी है कि मेडिसिनल प्लांट्स की पैदावार से जुड़े किसानों को आसानी से मार्केट से जुड़ने की सहूलियत मिले। इसके लिए सरकार आयुष ई-मार्केट प्लेस के आधुनिकीकरण और उसके विस्तार पर भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने भी पिछले ही हफ्ते अपने नियमों में 'आयुष आहार' नाम की एक नयी श्रेणी घोषित की है। इससे हर्बल पोषक तत्वों की खुराक के उत्पादकों को बहुत सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत एक स्पेशल आयुष मार्क भी बनाने जा रहा है। भारत में बने उच्चतम गुणवत्ता के आयुष प्रॉडक्ट्स पर ये मार्क लगाया जाएगा। ये आयुष मार्क आधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रावधानों से युक्त होगा। इससे विश्व भर के लोगों को क्वालिटी आयुष प्रॉडक्ट्स का भरोसा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल के पर्यटन को बढ़ाने में पारंपरिक औषधि ने मदद की। ये सामर्थ्य पूरे भारत में है, भारत के हर कोने में है। 'हील इन इंडिया' इस दशक का बहुत बड़ा ब्रांड बन सकता है। आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा आदि विद्याओं पर आधारित स्वास्थ्य केंद्र बहुत प्रचलित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो विदेशी नागरिक, भारत में आकर आयुष चिकित्सा का लाभ लेना चाहते हैं, उनके लिए सरकार एक और पहल कर रही है। शीघ्र ही, भारत एक विशेष आयुष वीजा कैटेगरी शुरू करने जा रहा है। इससे लोगों को आयुष चिकित्सा के लिए भारत आने-जाने में सहूलियत होगी।

## जहरीली हो रही है राजधानी की हवा : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राजधानी में प्रदूषण के कारण एक बार फिर जहरीली हो रही हवा पर चिंता व्यक्त की है। भाजपा नेता ने कहा है कि इस समय न तो पराली है और न ही आतिशबाजी का धुआं है। दिल्ली सरकार बताए कि आखिर अब दिल्ली में प्रदूषण का जहर क्यों फैल रहा है? बिधूड़ी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण सड़कों की धूल है और सड़कों की मरम्मत न होने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली में प्रदूषण का एक बड़ा कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुलभ न होना है। दिल्ली में आठ साल में डीटीसी के बेड़े में सिर्फ दो बसें आई हैं। डीटीसी की करीब 3700 बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं और इन खटारा बसों से भी प्रदूषण फैल रहा है। दिल्ली सरकार 12 से 15 हजार बसें चलाने के वादे तो करती रही है लेकिन वे सिर्फ प्रचार के लिए ही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनपीस की रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण के कारण दिल्ली में एक साल में 54 हजार लोगों को बेमौत मरना पड़ रहा है लेकिन दिल्ली सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने कुछ दिन पहले ही बड़े जोर-शोर से समर एक्शन प्लान घोषित किया, लेकिन सरकार सिर्फ कागजी अभियान ही चलाती रही है। इस बार बारिश के मौसम के बाद दिल्ली की किसी सड़क की मरम्मत नहीं हुई और दिल्ली की सभी छोटी-बड़ी सड़कों



की हालत खराब है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि सड़कों की धूल दिल्ली के प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। प्रदूषण का यह आलम है कि अब एक बार फिर से आनंद विहार और दूसरे कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से ऊपर पहुंच गया है। एक्सपर्ट इसके लिए पीएम-10 को जिम्मेदार मान रहे हैं जोकि सड़कों पर उड़ रही धूल के मोटे कण हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार हर बार प्रदूषण के लिए पराली, आतिशबाजी या अन्य बहानों की आड़ लेती है लेकिन अब उसके पास कोई बहाना नहीं है।

## वक्फ एक्ट के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती, केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने वक्फ एक्ट के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी किया। याचिका बीजेपी नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड को ट्रस्टों, मठों, अखाड़ों और सोसायटी से ज्यादा और निर्बाध अधिकार मिले हुए हैं, जो उसे एक विशेष दर्जा देते हैं। याचिका में मांग की गई है कि सभी ट्रस्टों, चैरिटेबल संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं के लिए एक समान कानून बनाए जाएं। याचिका में कहा गया है कि वक्फ और वक्फ संपत्तियों के लिए अलग से कानून नहीं बनाया जा सकता है। याचिका में वक्फ कानून की धारा 4, 5, 6, 7, 8 और 9 को मनमाना और गैरकानूनी बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ




कानून के ये प्रावधान संविधान की धारा 14 और 15 का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा गया है कि वक्फ एक्ट वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन करने की आड़ में बनाया गया है लेकिन वक्फ एक्ट के तहत हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख, बहाई या ईसाई धर्मावलंबियों के लिए कोई कानून नहीं है। ऐसा देश की एकता, अखंडता और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। यहां तक कि देश के संविधान में भी वक्फ का कोई जिक्र नहीं है। याचिका में मांग की गई है कि धार्मिक संपत्तियों के विवादों का निर्धारण केवल देश की सिविल कोर्ट के जरिये करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए न कि वक्फ ट्रिब्यूनल के जरिये। याचिका में मांग की गई है कि लॉ कमीशन को सभी ट्रस्टों और चैरिटेबल संस्थाओं के लिए एक समान संहिता बनाने का दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अश्विनी उपाध्याय की ऐसी ही याचिका सुप्रीम कोर्ट पिछले 13 अप्रैल को खारिज कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हम संसद को कानून बनाने के लिए नहीं कह सकते हैं।

## घंटों में सामने आए 2 हजार से ज्यादा नए कोरोना केस, एक्टिव मामले 12 हजार के पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की तीसरी लहर के कमजोर पड़ने के बाद जो राहत मिली थी, वह अब खत्म होती दिख रही है। बुधवार को सामने आए आंकड़े में बीते एक दिन में फिर से कोरोना के 2,000 से ज्यादा नए केस मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मामले भी 12,340 हो गए हैं, जो बीते दिनों 11 हजार के करीब थे। लेकिन फिर से नए आंकड़े ने चिंताएं पैदा कर दी हैं। खासतौर पर दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के शहरों में केसों में इजाफा हो रहा है। कुल 2,000 केसों में से करीब एक तिहाई मामले अकेले दिल्ली एनसीआर के ही हैं। दिल्ली में मंगलवार को कोरोना के 632 नए केस मिले हैं, जो 100 से भी नीचे पहुंच गए थे। इस बीते करीब 10 दिनों से दिल्ली में कोरोना के नए केसों में तेजी से इजाफा हो रहा है। हालांकि राहत की बात यह है कि राजधानी में कोरोना के चलते किसी की भी मंगलवार को मौत नहीं हुई है। ऐसे में



माना जा रहा है कि नए केसों के इजाफे की रफ्तार भले ही बढ़ी है, लेकिन इस बार कोरोना उतना मारक नहीं है। दिल्ली में सक्रिय मामलों की संख्या भी अब 2,000 के करीब पहुंचने वाली है। मंगलवार को कुल सक्रिय मामले 1,947 थे। हालांकि महाराष्ट्र में इस बार कोरोना की रफ्तार कम दिख रही है, जो दूसरी और तीसरी लहर में वायरस का हॉटस्पॉट बन गया था। लेकिन फिलहाल कोरोना केसों में उतनी तेजी नहीं दिख रही है। मंगलवार को राज्य में 137 नए केस मिले हैं। इसके अलावा तीन लोगों की कोरोना के चलते मौत हो गई, लेकिन इन नए मामलों में भी हब मुंबई ही है। कुल 137 मामलों में से 85 केस अकेले मुंबई में पाए गए हैं।

## पीएम किसान की किस्त के लिए ई-केवाईसी जरूरी

**नई दिल्ली।** पीएम किसान सम्मान निधि की 11वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार करने वालों के यह खबर बेहद जरूरी है। 12 करोड़ 50 लाख से अधिक किसान इस योजना के लिए रजिस्टर्ड हैं और अब अप्रैल-जुलाई की किस्त के लिए उनका ई-केवाईसी अनिवार्य है। किसानों के सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि ई-केवाईसी की लास्ट डेट 31 मई है और पीएम किसान पोर्टल से यह हो नहीं रहा। अगर पीएम किसान के लाभार्थी हैं और चाहते हैं कि बिना किसी व्यवधान के आने वाली किस्त के 2000 रुपये आपके खाते में आ जाएं तो ई-केवाईसी जरूर करा लें। इसके लिए आपको आधार सेवा केंद्र तक जाना होगा। अभी अपने मोबाइल या लैपटॉप से ओटीपी के जरिए ई-केवाईसी नहीं कर पाएंगे। क्योंकि पीएम किसान पोर्टल पर कहा गया है कि आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अभी स्थगित है। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए निकटतम सीएससी केंद्रों से संपर्क। किसान सम्मान निधि के तहत सरकार हर साल 6000 रुपये 2000-2000 की तीन किस्तों में किसानों के खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर करती है। अब तक सरकार 10 किस्तें जारी कर चुकी है और 11वीं की 12.50 करोड़ से अधिक रजिस्टर्ड किसानों को इंतजार है।

## घरेलू स्रोतों से खरीद के लिए बजट का 65.50 प्रतिशत उपयोग : रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2021-22 में घरेलू उद्योग के लिए पूंजी अधिग्रहण बजट का 64 प्रतिशत अलग रखकर लक्ष्य को हासिल' करने में सफल रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने घरेलू स्रोतों से खरीद करने के लिए पूंजी अधिग्रहण बजट का 65.50 प्रतिशत उपयोग किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में घरेलू उद्योग के लिए पूंजी अधिग्रहण बजट का 64 प्रतिशत निर्धारित किया था। 2021-22 के अंत में, मंत्रालय इस लक्ष्य को प्राप्त करने में ''सक्षम रहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के




लिए भारतीय उद्योग के माध्यम से स्वदेशी खरीद पर पूंजी अधिग्रहण बजट का 65.50 प्रतिशत उपयोग किया है।'' मंत्रालय ने कहा कि वह 2021-22 में रक्षा सेवाओं के बजट का 99.50 प्रतिशत उपयोग करने में सक्षम है। मार्च 2022 की प्रारंभिक व्यय रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय वित्त वर्ष 2021-22 में रक्षा सेवाओं के बजट का 99.50 प्रतिशत उपयोग करने में सक्षम है।'' पिछले कुछ वर्षों में, मोदी सरकार ने घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए हैं। मई 2020 में, सरकार ने रक्षा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के तहत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। भारत विश्व स्तर पर हथियारों के सबसे बड़े आयातकों में से एक है। एक अनुमान के अनुसार, भारतीय सशस्त्र बलों के लगभग 130 बिलियन अमरीकी डालर (अगले पांच वर्षों में पूंजी खरीद में) खर्च करने का अनुमान है। सरकार अब आयातित सैन्य प्लेटफॉर्म पर निर्भरता कम करना चाहती है। सरकार ने घरेलू रक्षा निर्माण का समर्थन करने का फैसला किया है।

# पंजाब सरकार के निशाने पर भाजपा कार्यकर्ता

**-बग्गा, जिंदल, गांधी के बाद अब कुमार विश्वास के खिलाफ मामला दर्ज**
**-अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी पड़ी महंगी**

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद दूसरे दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले दर्ज करने की प्रथा बहुत पुरानी है। अमरिंदर सरकार के समय शुरू हुई यह परंपरा आम आदमी पार्टी सरकार में भी जारी है। फर्क केवल इतना है कि इस बार निशाने पर अकाली दल या कांग्रेस नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी है। ताजा मामला कवि एवं प्रो. कुमार विश्वास से संबंधित है, जिनके खिलाफ रोपड़ में मामला दर्ज किया गया है। पंजाब में एफआईआर की राजनीति वर्ष 2002 में कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार में शुरू हुई थी जब पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के खिलाफ मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेजा गया था। उसके बाद पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद दूसरे दलों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए।



हालिया चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान व अरविंद केजरीवाल ने पंजाब से परचा पॉलिटिक्स को समाप्त करने का ऐलान किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद फिर से यह सिलसिला शुरू हो गया है। पंजाब के रूपनगर की पुलिस ने गत दिवस कुमार विश्वास के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सत्ता परिवर्तन के बाद भी फिर से परचा पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। जिस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी सत्ता में आई वहीं एफआईआर का सिलसिला फिर से चल पाड़ा है। पंजाब में एक के बाद एक चार भाजपा नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा चुके हैं। भाजपा नेताओं के खिलाफ मोहाली में मामले दर्ज किए जा रहे हैं। पंजाब में चुनाव से पहले कुमार विश्वास के बयान पर खूब हंगामा हुआ था। पंजाब पुलिस की तरफ से अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ बयानबाजी पर मोहाली स्थित साइबर क्राइम सेल में केस दर्ज किए जा रहे हैं। इससे पहले दिल्ली भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा, नवीन कुमार जिंदल और प्रीति गांधी पर भी केस दर्ज हो चुका है। इससे पहले भाजपा दिल्ली के प्रवक्ता नवीन कुमार जिंदल के खिलाफ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का एक फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में सात अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले दिल्ली से भाजपा के प्रवक्ता तजिन्दर बग्गा खिलाफ पटियाला थाने में एफआईआर की गई है। इसी प्रकार भाजपा नेत्री प्रीति गांधी के खिलाफ भी मोहाली में मामला दर्ज किया जा चुका है।

# सम्पादकीय


## हिन्द की चादर गुरू तेग बहादुर

सिखों के 8वें गुरू हरिकृष्ण राय की अकाल मृत्यु हो जाने के बाद तेग बहादुर को नवां गुरू बनाया गया था, जिनके जीवन का प्रथम दर्शन ही यही था कि धर्म का मार्ग सत्य और विजय का मार्ग है। सिखों के नवें गुरू तेग बहादुर सदैव सिख धर्म मानने वाले और सच्चाई की राह पर चलने वाले लोगों के बीच रहा करते थे, जिन्होंने न केवल धर्म की रक्षा की बल्कि देश में धार्मिक आजादी का मार्ग भी प्रशस्त किया। 1 अप्रैल 1621 को माता नानकी की कोख से जन्मे तेग बहादुर ने धर्म और आदर्शों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। धार्मिक स्वतंत्रता के पक्षधर रहे गुरू तेग बहादुर के प्रकाश पर्व के अवसर पर 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। गुरू तेग बहादुर ने हिन्दुओं तथा कश्मीरी पंडितों की मदद कर उनके धर्म की रक्षा करते हुए अपने प्राण गंवाए थे। उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुबार्नी दी, इसीलिए उन्हें हिन्द की चादर कहा जाता है। क्रूर मुगल शासक औरंगजेब ने गुरू तेग बहादुर को हिन्दुओं की मदद करने और इस्लाम नहीं अपनाने के कारण मौत की सजा सुनाई थी और उनका सिर कलम करा दिया था। उस आततायी और धर्मान्ध मुगल शासक की धर्म विरोधी तथा वैचारिक स्वतंत्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरूद्ध गुरू तेग बहादुर का बलिदान एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों में गुरू तेग बहादुर का स्थान अद्वितीय है और एक धर्म रक्षक के रूप में उनके महान बलिदानों को समूचा विश्व कदापि नहीं भूल सकता। उस समय औरंगजेब ने आदेश पारित किया था कि राजकीय कार्यों में किसी भी उच्च पद पर किसी हिन्दू की नियुक्ति नहीं की जाए और हिन्दुओं पर ह्यजजियाह्ल (कर) लगा दिया जाए। हिन्दुओं पर लगातार बढ़ते अत्याचारों और भारी-भरकम नए-नए कर लाद दिए जाने से भयभीत बहुत सारे हिन्दुओं ने उस दौर में धर्म परिवर्तन कराकर मजबूरन इस्लाम धर्म अपना लिया। औरंगजेब के अत्याचारों के उस दौर में कश्मीर के कुछ पंडित गुरू तेग बहादुर के पास पहुंचे और उन्हें अपने ऊपर हो रहे जुल्मों की दास्तान सुनाई। गुरू जी ने उनकी पीड़ा सुनने के बाद मुस्कराते हुए कहा कि तुम लोग बादशाह से जाकर कहो कि हमारा पीर तेग बहादुर है, अगर वह मुसलमान हो जाए तो हम सभी इस्लाम स्वीकार कर लेंगे। कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर के सूबेदार शेर अफगन के मार्फत यह संदेश औरंगजेब तक पहुंचाया तो औरंगजेब बिफर उठा। उसने गुरू तेग बहादुर को दिल्ली बुलाकर उनके परम प्रिय शिष्यों मतिदास, दयालदास और सतीदास के साथ बंदी बना लिया और तीनों शिष्यों से कहा कि अगर तुम लोग इस्लाम धर्म कबूल नहीं करोगे तो कत्ल कर दिए जाओगे। भाई मतिदास ने जवाब दिया कि शरीर तो नश्वर है और आत्मा का कभी कत्ल नहीं हो सकता। यह सुनकर औरंगजेब ने मतिदास को जिंदा ही आरे से चीर देने का हुक्म दिया। औरंगजेब के फरमान पर जल्लादों ने भाई मतिदास को दो तख्तों के बीच एक शिकंजे में बाधकर उनके सिर पर आरा रखकर आरे से चीर दिया और उनकी बोटी-बोटी काट दी लेकिन जब भाई मतिदास को आरे से चीरा जाने लगा, तब भी वे भयभीत हुए बिना श्री जपुजी साहिब का पाठ करते रहे। अगली बारी थी भाई दयालदास की लेकिन उन्होंने भी जब दो टूक लहजे में इस्लाम धर्म कबूल करने से इन्कार कर दिया तो औरंगजेब ने उन्हें गर्म तेल के कड़ाह में डालकर उबालने का हुक्म दिया। सैनिकों ने उसके हुक्म पर उनके हाथ-पैर बांधकर उबलते हुए तेल के कड़ाह में डालकर उन्हें बड़ी दर्दनाक मौत दी लेकिन भाई दयालदास भी अपने अंतिम श्वांस तक श्री जपुजी साहिब का पाठ करते रहे। अगली बारी थी भाई सतीदास की लेकिन उन्होंने भी दृढ़ता से औरंगजेब का इस्लाम धर्म अपनाने का फरमान ठुकरा दिया तो उस आततायी क्रूर मुगल शासक ने दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए उन्हें कपास से लपेटकर जिंदा जला देने का हुक्म दिया। भाई सतीदास का शरीर धू-धूकर जलने लगा लेकिन वे भी निरंतर श्री जपुजी साहिब का पाठ करते रहे। 22 नवम्बर 1675 के दिन औरंगजेब के आदेश पर काजी ने गुरू तेग बहादुर से कहा कि तुम्हारे सामने तीन ही रास्ते हैं, पहला, इस्लाम कबूल कर लो, दूसरा, करामात दिखाओ और तीसरा, मरने के लिए तैयार हो जाओ। इन तीनों में से तुम्हें कोई एक रास्ता चुनना है। अन्याय और अत्याचार के समक्ष झुके बिना धर्म और आदर्शों की रक्षा करते हुए गुरू तेग बहादुर ने तीसरे रास्ते का चयन किया। जालिम औरंगजेब को यह सब भला कहां बर्दाश्त होने वाला था। उसने गुरू तेग बहादुर का सिर कलम करने का हुक्म सुना दिया।

## कोरोना की चौथी लहर, कितने तैयार हैं हम?




लेखक-आर.के. सिन्हा /ईएमएस



पिछले साल अप्रैल में आई कोरोना वायरस की भीषण लहर ने देश में प्रलय मचा कर रख दी थी। उन दिनों को याद करके भी घबराहट होने लगती है। एक साल बाद फिर से कोरोना की चौथी लहर का खतरा सामने है। कोरोना के नये केस सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि भी हो रही है। इससे पहले कोरोना के ओमिक्रान वैरियंट के लगभग बेअसर रहने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि कोरोना का अब नाश हो गया है। लेकिन, कहते ही हैं कि वायरस कभी खत्म नहीं होता। हां, उसका असर कमजोर पड़ने लगता है। तो ओमिक्रान के बाद आने और चले जाने के बाद यही लग रहा है कि अगर चौथी लहर आई भी तो वह भी समुद्री लहर की तरह सागर किनारे आकर वापस चली जाएगी। यानी वह घातक नहीं होगी। पर यह सब पक्के से तो नहीं कहा जा सकता है। देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ नए-नए लक्षण साथ लेकर आने लगे हैं। एक बात पर आपने गौर किया होगा कि जैसे ही कोरोना के नियमों में ढील दी जाने लगी, लगभग तब ही कोरोना फिर से सामने आ गया। इसने लोगों को अपनी चपेट में लेना चालू कर दिया। स्कूल-कॉलेज खुले तो छात्रों में कोरोना फैलना शुरू हो गया है। तो बहुत साफ है कि कोरोना का असर कम भी होने पर मास्क लगाना ही होगा तथा सामाजिक दूरी अपनानी ही होगी। हाल ही में आईआईटी-कानपुर ने अपने एक शोध के बाद दावा किया है कि भारत में जून में कोरोना की चौथी लहर आ सकती है। यह कहना होगा कि जिस प्रकार से कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं, उसे देखकर लगता है आईआईटी का दावा सही हो सकता है। पर क्या यह दूसरी लहर जितनी घातक होगी? इस सवाल का जवाब देने की स्थिति में अभी कोई नहीं है। बहरहाल, जिस किसी ने कोरोना की दोनों डोज ले ली है, वे काफी हद तक सुरक्षित हो गए हैं। उन पर कोरोना के नए-नए वेरियंट का असर कम होगा। अब कहा जा रहा है कि 18 से 59 साल तक की उम्र के लोगों को भी ऐहतियातन बूस्टर लगवा लेनी चाहिए। लेकिन, यह जानना आवश्यक है कि टीका लगवाने के बाद जो ऐंटीबॉडी बनती है, वह ज्यादातर मामलों में 8 महीनों तक ही रहती है। एक बात और कि फिलहाल तीसरी डोज उन लोगों को लगवा लेनी चाहिए जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है। इसे अस्पतालों, पुलिस तथा बैंकों कर्मियों को लगवा लेनी चाहिए। कैंसर, लिवर, किडनी, हार्ट, लंग्स खासकर टीबी की बीमारी के रोगी भी इसे लगवा लें। देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ पहले से अलग नए लक्षण लेकर आ रहे हैं। जैसे कि कंपकंपी के साथ बुखार होना या थकान महसूस करना, शरीर में दर्द होना, गले में खराश, नाक का बहना या बंद होना आदि। खैर, यह तो सब मानते हैं कि अब हमें कोरोना के नए-नए वेरिएंट के साथ ही जिंदा रहना सीखना होगा। पर इसके लिए जरूरी है कि अगर हमने अभी तक भी दोनों टीके नहीं लगवाए तो हम अब देर न करें। हमारे देश में अभी तक 65 प्रतिशत लोगों ने ही दोनों टीके लगवाए हैं। एक तिहाई जनता को एक ही टीका लगा है। बच्चों को टीके पूरे नहीं लगे। यह जान लें कि यदि टीका लग गया है तो कोरोना का वायरस कमजोर पड़ेगा। यह अफसोस की बात है कि तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद अब भी बहुत से लोग टीका नहीं लगवा रहे हैं। वे अब भी इसको लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। मेरे अपने सर्किल में कुछ लोग समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं। इस तरह के लोग अपने को खतरे में डाल रहे हैं। अब वे लोग फिर से मास्क पहन लें जो इसे उतार चुके थे। निश्चित रूप से मास्क कोरोना के नया वेरिएंट के विरूद्ध खड़ा तो होता ही है। हालांकि अभी कोरोना की चौथी लहर ने अपना असर दिखाना शुरू ही किया है, इसलिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए। जैसे कि कोरोना रोगियों के लिए अलग से वॉर्ड तथा बिस्तरों की व्यवस्था करना, पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई सुनिश्चित करना तथा एम्बुलेंस सेवा को तैयार करना। यह सब जानते हैं कि किसी भी राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था का काम राज्य सरकार देखती है। हमने देखा था कि स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन पर चलते हुए सभी राज्य और केंद्र शासित राज्य कोरोना की दूसरी लहर के वक्त इससे होने वाली मौतों की जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय को दे रहे थे। हालांकि तब तमाम राज्यों और केंद्र शासित राज्यों में ऑक्सीजन की कमी से बहुत से लोग मारे भी गए थे। लेकिन, सरकारें नहीं मानती कि ऑक्सीजन की कमी के कारण लोग जान से हाथ धो बैठे थे। लेकिन, जरा उनसे भी तो पूछिए जिनके परिजन ऑक्सीजन की कमी के कारण संसार से विदा हो गए। मुझे नहीं पता कि सरकारी दावों का क्या आधार है कि कोरोना की दूसरी लहर के समय ऑक्सीजन की कमी के कारण किसी की जान नहीं गई। हालांकि सच इससे बहुत अलग तथा बहुत कठोर है। तब ऑक्सीजन की किल्लत के कारण लाखों लोग कितने बेबस और बेहाल थे, यह सबको पता है। मुझे याद है तब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल तब हालात से इतने खिन्न हो गए थे कि उन्होंने यहां तक कह दिया था कि यदि सरकारों ने ऑक्सीजन की सप्लाई को बेहतर न बनाया तो वे खुदखुशी कर लेंगे। जरा सोचिए कि देश के डॉक्टरों की सर्वोच्च संस्था का नेता कितना असहाय था तब। डॉ. अग्रवाल ने इस तरह की चेतावनी इसलिए दे डाली थी क्योंकि उनका कहना था कि ऑक्सीजन की कमी के कारण डॉक्टर रोगियों का सही से इलाज नहीं कर पा रहे हैं। इस विकट स्थिति से सैकड़ों डॉक्टर गुजरे। भगवान न करें कि अब वही स्थिति फिर कभी आए। तब सारा देश घरों में दुबका हुआ था और सड़कों पर सिर्फ एंबुलेंसों के सायरन बजने की आवाजें आती थीं। सारे माहौल में भय और डर था। ऐसे माहौल को फिर से कभी आने नहीं देना है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## आज का कार्टून।




## सेना प्रमुख की चुनौतियां



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे देश के अगले थल सेना प्रमुख होंगे। केंद्र सरकार ने नए सेनाध्यक्ष के तौर पर उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। वह इसी महीने 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की जगह एक मई को भारतीय सेना की कमान संभालेंगे। कई विशेष सैन्य आपरेशनों में हिस्सा ले चुके लेफ्टिनेंट जनरल पांडे इस समय देश के उप सेना प्रमुख हैं। सरकार ने नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति में इस बार वरिष्ठता की कसौटी का पालन करना मुनासिब समझा है और लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे वर्तमान शीर्षस्थ अधिकारियों में सबसे वरिष्ठ हैं। खास बात यह भी है कि वह सेना प्रमुख के पद पर पहुंचने वाले कार्प्स आफ इंजीनियर ब्रांच के पहले अफसर हैं। उप सेना प्रमुख बनने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल पांडे पूर्वी कमान के कमांडिंग आफिसर और अंडमान-निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ का पद भी संभाल चुके हैं। सेना के काबिल अफसरों में शुमार किए जाने वाले पांडे सेना में अपनी सेवाओं के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल आदि से सम्मानित किए जा चुके हैं। पांडे ने नेशनल डिफेंस एकेडमी और इंडियन मिलिट्री एकेडमी के जरिये 1982 में कार्प्स आफ इंजीनियर में बतौर सेना अधिकारी कमीशन हासिल किया था। वह ब्रिटेन के कैमबर्ले के स्टाफ कालेज का भी हिस्सा रहे और संयुक्त राष्ट्र के कई शांति मिशनों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने संसद पर हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर आपरेशन पराक्रम में तैनाती के दौरान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर 117 इंजीनियर रेजिमेंट का नेतृत्व भी किया था। इसके बाद आर्मी वार कालेज महू से हायर कमांड कोर्स पूरा किया और मेजर जनरल बनने के बाद पश्चिमी लद्दाख में ऊंचाई वाले अभियानों में शामिल आठ माउंटेन डिवीजन की कमान संभाली। फिर सेना मुख्यालय में सैन्य अभियान निदेशालय में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के रूप में काम किया। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ऐसे समय देश के सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे जब बीते दो साल से पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर चल रही सैन्य जटिलताएं अभी भी बनी हुई हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान के आने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के नए खतरों की आशंकाएं कायम हैं तो मौजूदा रूस-यूक्रेन युद्ध के परिप्रेक्ष्य में नई तरह की सामरिक चुनौतियों से रूबरू होना पड़ेगा। इनके बीच सेना का आधुनिकीकरण और जरूरी अस्त्र-शस्त्रों की यथाशीघ्र आपूर्ति नए सेना प्रमुख के लिए सबसे अहम होगी। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे के सेनाध्यक्ष बनने के बाद तीनों सेना प्रमुख एनडीए के 61वें बैच के होंगे। वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल हरि कुमार उसी बैच के हैं। घर में सैन्य पृष्ठभूमि न होने के बावजूद उनके सेना में जाने की कहानी बेहद दिलचस्प है। पांडे परिवार शहर से दूर नागपुर यूनिवर्सिटी कैंपस में रहता था। उनके घर के आसपास कोई बड़ा स्कूल नहीं था। हालांकि, घर से कुछ दूरी पर वायु सेना नगर में एक केंद्रीय विद्यालय था, लेकिन उसमें बाहरी स्टूडेंट्स के लिए कोई प्रवेश नहीं था। उनके पिता डॉ. पांडे ने वायु सेना के अधिकारियों से मनोज को स्कूल में दाखिला देने के लिए अनुरोध किया, जिसे उन्होंने मान लिया। यहां पढ़ने के दौरान उन्होंने सेना का अनुशासन देखा और यहीं से मन बनाया कि वे भी आर्मी ज्वाइन करेंगे। यहीं पढ़ने के दौरान 11वीं कक्षा में पढ़ते हुए उन्होंने केंद्रीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की और एनडीए में शामिल हो गए। वहां तीन साल का कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने मिलिट्री इंजीनियरिंग कॉलेज, देहरादून से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद 1982 में वह बॉम्बे सैपर्स आर्मी इंजीनियरिंग सर्विस में शामिल हुए। उनके छोटे भाई संकेत पांडे भी सेना में कर्नल रहे और कुछ साल पहले सेवानिवृत्त हुए हैं।

## सबसे अच्छा सखा है ज्ञान

आत्मा ही आनन्द का स्वरूप है। किसी भी सुखद अनुभूति में तुम आंखे मूंद लेते हो। जैसे जब किसी फूल को सूंघते हो, कोई स्वादिष्ट खाना चखते हो या किसी वस्तु को स्पर्श करते हो। दुख का केवल यही अर्थ है कि तुम अपरिवर्तनशील आत्मा पर केन्द्रित होने के बदले विषयवस्तु में फंसे हो, जो परिवर्तनशील है। सभी इन्द्रियां केवल डाइविंग बोर्ड की भांति हैं जो तुम्हें वापस आत्मा तक पहुंचाती हैं। स-खा का अर्थ है वह ही इन्द्रिय है। सखा वह है जो तुम्हारी इन्द्रिय बन गया है, जो तुम्हारी इन्द्रिय ही है। यदि तुम मेरी इन्द्रिय हो, इसका मतलब तुम्हारे द्वारा मुझे ज्ञान मिलता है, तुम मेरी छठी इन्द्रिय हो। जैसे मैं अपने मन पर विश्वास करता हूं, वैसे ही मैं तुम पर विश्वास करता हूं। एक मित्र केवल इन्द्रिय-विषय हो सकता है, परन्तु सखा स्वयं इन्द्रिय बन जाता है। सखा वह साथ है जो सुख और दुःख, दोनों अनुभवों में साथ रहता है। सखा वह है जो तुम्हें आत्म स्थित करता है, यदि तुम किसी विषय वस्तु में फंसे हो। जो ज्ञान तुम्हें वापस आत्मा की ओर लाता है, वही सखा है। ज्ञान तुम्हारा साथी है और गुरु केवल ज्ञान के प्रतिरूप हैं। सखा का अर्थ है, वह मेरी इन्द्रियां हैं। मैं संसार को उसी ज्ञान के द्वारा, उनके माध्यम से देखता हूं। यदि तुम्हारी सोच देवी है, तो तुम समस्त संसार को दिव्य दृष्टि से देखोगे। कुछ वर्षों में तुम्हारा मस्तक मिट्टी में होगा, जीते जी तो अपना सर कीचड़ से मत भरो। मेरा पीछा न करो। वास्तव में तुम मेरा पीछा कर भी नहीं सकते, क्योंकि मैं तो तुम्हारे पीछे हूं, तुमको आगे ठेलने के लिए। तुम्हें सब-कुछ पीछे छोड़ देना है और आगे बढ़ना है। सब कुछ तुम्हारे सभी अनुभव, तुम्हारे नाते-रिश्ते-भूत काल के हिस्से हैं। सब-कुछ छोड़ दो। अपनी स्मृतियों के सम्पूर्ण संसार को पीछे छोड़ दो। मुझको भी। आगे बढ़ो और मुक्त हो जाओ। कुछ और खोजना बन्द करो- तब तुम मुक्त होगे और तुममें अनुकम्पा उभरेगी।

## प्रसंगतः अधूरा ज्ञान

काशी के एक आश्रम में शिक्षा पूरी करने के बाद एक शिष्य वहां के राजा के पास गया और कहा, राजन् मैंने अपनी शिक्षा पूरी कर ली है और अब मैं समस्त शास्त्रों का ज्ञाता हूं। आप मुझे अपना गुरु बना लें। मैं आपको भागवत सहित सभी धर्मशास्त्रों की दीक्षा दूंगा। राजा ने कहा, वत्स, मैं भागवत के रहस्यों का मर्म तो समझना चाहता हूं लेकिन मेरे विचार से आप अभी इतने पारंगत नहीं हुए हैं कि आप मुझे दीक्षा दे सकें। मेरी राय में आपको अभी और अध्ययन की आवश्यकता है। उसके बाद आपको गुरु बना कर मुझे खुशी होगी। यह सुनकर विद्वान ब्राह्मण को बहुत आश्चर्य हुआ। उसने सोचा कि राजा ने बिना परीक्षा किए ही मेरी विद्वता पर उंगली उठाई है। निराश होकर वह लौट आया। उसने यह बात अपने गुरु से कही। गुरु ने कहा, राजा ने अवश्य कोई कमी देखी होगी, तभी ऐसा कहा है। वह आश्रम में रहकर फिर से अध्ययन करने लगा। थोड़े दिन के बाद पुनः राजा के पास जाकर उसने गुरु बनने की इच्छा जताई। इस बार भी राजा ने कहा, वत्स अभी आपका ज्ञान अधूरा है। इस बार भी विद्वान ब्राह्मण निराश होकर लौट आया और फिर से धर्म ग्रंथों का अध्ययन करने लगा। इस बार उसे भागवत तथा अन्य शास्त्रों का गूढ़ अर्थ समझ में आ गया। अब उसके मन से राजा का गुरु बनने की इच्छा खत्म हो गई। वह फिर राजा के पास नहीं गया। थोड़े दिन के बाद राजा स्वयं ब्राह्मण के पास आए और कहा, मुनिवर, मेरा विचार है कि अब आप भागवत का गूढ़ अर्थ समझ गए हैं। अब मुझे आपका शिष्य बन कर खुशी होगी। शिष्य ने कहा, राजन्, आपकी बात सच थी। मैं हर बार अधूरा ज्ञान लेकर आपको अपना शिष्य बनाने की इच्छा करता था। अब मुझे शास्त्रों का गूढ़ अर्थ समझ में आ गया है। इसलिए अब आपका गुरु बनने की मेरी इच्छा भी खत्म हो गई है। अब तक अधूरा ज्ञान लेकर स्वार्थवश आपके पास आता था। अब मुझे ज्ञान हो गया है कि ज्ञान बेचने की वस्तु नहीं है। वह लोगों तक पहुंचाने की चीज है।

## ग्वालियर की महान राजमाता सिंधिया...!



लेखक - नईम कुरेशी / ईएमएस)



ग्वालियर की राजमाता श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया न सिर्फ एक महान सियासतदां थीं बल्कि वो एक महान आत्मा भी रहीं। उनके साथ मुझे कई बार रहने का मौका भी मिलता रहा था। वो जालौन जिले के उरई शहर की रहने वाली थीं। उनके पिता ठाकुर महेन्द्र सिंह यहां सूबा साहब (एस.डी.एम.) रहे थे। राजमहलों में पढ़ी बड़ी हुईं राजमाता ने अनेकों बेहद दिलेरी भरे काम अपने जीवन में किये। उनमें काफी याद करने लायक रहे हैं। उन्होंने 1967 में कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे डी.पी. मिश्रा को उनके पद से हटाकर संविद सरकार बनवायी थी। वे छात्र आंदोलन के पक्ष में थीं जिसमें छात्रों की उचित मांगें बताई जाती हैं। राजमाता साहिब के बेटे महाराजा माधवराव सिंधिया रेलमंत्री के तौर पर देश दुनिया में सर्वाधिक लोकप्रिय रहे थे वो रेलगाड़ी से लेकर हवाई जहाज व घोड़ा तक दौड़ाना जानते थे। राजमाता खूब दयालु व दानवीर रही थीं। उन्होंने संघ परिवार व भारतीय जनता पार्टी को 1980 के दौर में खूब मालामाल किया जब उनके पास न केन्द्र में सत्ता थी न सूबों में। राजमाता सिंधिया का नाम कहीं कहीं आज के दौर में भा.ज.पा. नेता काफी कुछ कम करके आंकते देखे जाते हैं जिस पर उनकी पुत्रियों को नाराज होते भी देखा जाता है। मैने खुद 1982 में अटल बिहारी वाजपेयी तक को राजमाता सिंधिया के सार्वजनिक तौर पर सबके सामने पांव छूते भी देखा था। राजमाता ने अटल जी की शिक्षा का भी माकूल इंतजाम किया था व उन्हें सियासत में आगे बढ़ाया था।

**अशोक वाजपेयी को हटाया**

राजमाता ने मध्य प्रदेश में व राज्य में खूब शिक्षा व संस्कृति का प्रचार प्रसार किया था। उन्होंने उस्ताद अमजद अलि खॉन साहब के गुरु व पिता उस्ताद हाफिज अलि खॉन साहब से खुद भी सालों सितार सीखा था। वो अमजद अलि खॉन साहब की गुरु भाई भी थीं। उनकी सलाह पर मुख्यमंत्री सुन्दरलाल पटवा ने अशोक वाजपेयी जैसे कलाकार व पारखी प्रमुख को संस्कृति विभाग से हटाकर राजस्व मण्डल ग्वालियर में लाकर पदस्थ कर दिया था। वाजपेयी संस्कृति मेहकमे को गुटबाजी व कलाकारों को परेशान करने के मामले में खूब बदनाम रहे थे। राजमाता अमजद अलि खॉन साहब को खूब मानती रही थीं जो भारत में सरोद के बड़े कलाकार हैं। ग्वालियर के तमाम छोटे बड़े कलाकार राजमाता साहिबा से मिलकर आशीर्वाद व सहयोग लेते रहे हैं। उनका संगीत में गहरी रुचि इस क्षेत्र के लिये बड़ी निधि कही जाती है। उन्होंने तानसेन समारोह में खूब रुचि ली थी। आज इसे उनकी पार्टी की सरकार भा.ज.पा. तानसेन समारोह के आभामण्डल को कम करती जा रही है। 10-15 साल पहले सुन्दरलाल पटवा के दौर में तो तानसेन के पुरस्कार को लता मंगेशकर के पुरस्कार से चौथाई तक कम कर दिया गया था। हमने डॉ. कमल वशिष्ठ के साथ इस पर ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को दिया था।

**यशोधरा राजे**

राजमाता सिंधिया की दो बेटियां राजस्थान की मुख्यमंत्री रहीं व वसुन्धरा राजे व यशोधरा राजे साहिबा भी खूब लोकप्रिय नेता के तौर पर देखी व सुनी जा रही हैं। राजस्थान में राजे की लोकप्रियता के मामले में दिल्ली में खूब चर्चा रहती आई हैं। इसी तरह यशोधरा राजे भी शिवराज सिंह मण्डल की सर्वाधिक लोकप्रिय वजीर के तौर पर देखी जाती हैं। खेलों को आगे बढ़ाने में उनकी गहरी रुचि देखी गई थी जिसका नतीजा म.प्र. को तमाम राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मिल सके हैं। शिवपुरी व ग्वालियर में भी यशोधरा काफी सक्रिय देखी जाती हैं। उन्होंने पर्यटन पर भी खूब काम किया है। विमल जुल्का जब संभागीय आयुक्त रहे थे 2000 में तब यशोधरा जी केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जगमोहन को ग्वालियर लाई थीं व करोड़ों रुपये स्मारकों व पर्यटन के लिये उन्होंने दिलवाये थे। जगमोहन ने अमर गायक व उनके गुरु मोहम्मद गोस का मकबरा व गूजरी महल का बारीकी से विजिट भी किया था।

इंटैक चप्टक के जुल्का उस दौर में चेयरमैन व मैं खुद उप संयोजक भी था। इस दौर में यशोधरा जी के कारण ही उस दौर में खूब संस्कृति व स्मारकों का प्रचार होना संभव हुआ था। माधवराव सिंधिया से लेकर महेन्द्रसिंह कालूखेड़ा ने भी कला संस्कृति में खूब दिलचस्पी दिखाई थी। कालूखेड़ा ने तो अप्रैल 1987 में गुना शिवपुरी से लोकसभा सदस्य के तौर पर दो-दो सवाल अमर गायक तानसेन व मोहम्मद गोस के मकबरों की देखरेख पर किये थे। पूरा संस्कृतिक मंत्रालय पुरातत्व सर्वेक्षण का दिल्ली मुख्यालय हिल गया था। माधवराव सिंधिया के केन्द्रीय मंत्री रहने के दौरान सर्वेक्षण ने ग्वालियर में सब सर्किल स्थापित कराया था जहां राठौर व डॉ. यादव जैसे अफसरान पदस्थ हैं। पुरातत्व महत्व के जो काम 3-4 साल पहले बेजाताल, लक्ष्मीबाई स्टेच्यू में पर्यटन विकास नगर निगम ने कराये थे वो काफी खराब थे जिन की 13 करोड़ की लागत थीं उनकी जाचें जरूरी थीं। उनमें खूब भ्रष्टाचार हुये थे उस दौर के निर्माण भी आधे टूट गये हैं।

# बदलाव चाहने वालों के लिए विकल्प है आप : तंवर

## -पंचायत और नगर निकाय के चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेगी



**सोनीपत, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक तंवर ने कहा कि बड़ा बदलाव चाहने वालों के लिए नया विकल्प आम आदमी पार्टी है। हरियाणा प्रदेश को एक नई बुलंदियों पर ले जाना चाहते हैं जो समस्याओं की राजनीति नहीं समाधान की राजनीति करनी होगी। वे बुधवार को गन्नौर में पत्रकारों से बात कर रहे थे इस मौके पर कांग्रेस और जजपा में रहे अनिल भारद्वाज ने आम आदमी पार्टी में आस्था जताई। तंवर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का मॉडल ऑफ डेवलपमेंट है, मॉडल ऑफ गवर्नेंस है, मॉडल ऑफ एंपावरमेंट है। जिसमें सबको साथ लेकर चलना है मैं सिर्फ एक ही बात कहूंगा की राजनीति हो या कोई भी रिश्ता यह विश्वास पर चलता है कभी स्वार्थ पर कोई नहीं टिकता। उन्होंने कहा कि मैं अनिल भारद्वाज व इनके तमाम सहयोगियों का स्वागत करता हूं, शुकराना करता हूं कि उन्होंने आम आदमी पार्टी में अपना विश्वास जताया है। यह संघर्ष की राह है, संघर्ष करने के साथ अब और मेहनत करनी पड़ेगी। उपकरणों के अभाव के कारण 4 सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। यह सरकार हमारी आने वाली पीढ़ियों के साथ खिलवाड़ कर रही है। सवाल के जवाब में तंवर ने कहा कि एसवाईएल पर तो हमने हर बार स्पष्ट किया है, हरियाणा का जो भी अधिकार है चाहे वह पानी का अधिकार हो चाहे राजधानी की बात हो, हम अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। 55 साल से इन मुद्दों का समाधान नहीं हो पाया क्योंकि लोग इन मुद्दों के ऊपर सिर्फ राजनीति करते हैं इनका समाधान नहीं करते। पार्टी पूरी ताकत के साथ पंचायत और नगर निकाय के चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेगी और मैं आपको एक चीज का विश्वास दिलाता हूं कि अबकी बार जनता इसी में ही ट्रेलर दिखा देगी।

# शहीद निशान सिंह के घर पहुंचे जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला

## -परिजनों को दी सांत्वना कहा, शहादत पर पूरे देश को नाज



**सिरसा (हि.स.)।** अनंतनाग, जम्मू कश्मीर में सर्च ऑपरेशन के दौरान गोली लगने से शहीद हुए वीर जवान शहीद निशान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ बुधवार को गांव भावदीन में उनके निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

इस अवसर पर उन्होंने परिजनों से कहा कि वीर निशान सिंह ने जिस प्रकार देश के लिए लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है, वह सदैव पूरे देश व समाज के लिए अनुकरणीय रहेगा। उनकी शहादत पर पूरे देश को नाज है। उन्होंने शहीद के परिजनों से कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा जननायक जनता पार्टी परिवार उनके साथ है।

# यमुना के बहाव के साथ छेड़छाड़ करने वालों पर कार्रवाई करें: ललित सिवाच

## - बेगा घाट, मिमारपुर व दहिसरा आदि घाट पर पहुंचे
## - सात घाट की मरम्मत के लिए 80 लाख रुपए खर्च होंगे



**सोनीपत, (हि.स.)।** यमुना नदी के सात घाट का निरीक्षण करने के लिए उपायुक्त ललित सिवाच ने बुधवार सुबह अधिकारियों के साथ पहुंचे बाढ़ प्रबंधों का जायजा लिया। यह 41.74 किलोमीटर यमुना के सीमा क्षेत्र में आने वाले बरसाती पानी के बाद कोई परेशानी ना आए। किसी घाट पर कहीं मिट्टी का कटाव दिखाई देता है तो वहां स्टड का निर्माण करवाएं। यमुना के बहाव से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खंड गन्नौर के अंतर्गत बेगा घाट से गांव दहिसरा की सीमा तक का यमुना नदी क्षेत्र में यमुना के बहाव और कटाव को रोकने के लिए नई ठोकरों के निर्माण करने और पुरानी ठोकरों की मरम्मत करने के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उपायुक्त सिवाच ने डीएसपी प्वाईट के पास एक स्टड बनाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बेगा, मिमारपुर, महेन्द्रीपुर, बड़ौली घाट व दहिसरा घाट सहित सभी घाट का निरीक्षण किया। एडीसी शांतनु शर्मा, एसडीएम शशि वशुन्धरा, एसडीएम गन्नौर सुरेन्द्र दून, डीएसपी विरेन्द्र सिंह, बीडीपीओ अंकिता वर्मा, बीडीपीओ अमित, डीआरओ मनबीर सिंह, तहसीलदार मनोज कुमार, जिला खनन अधिकारी अशोक, डीएफओ राजेश वत्स, सिविल सर्जन जय किशोर, सिंचाई विभाग से कार्यकारी अभियंता ललित, एसडीओ विक्रम सिंह, बेगा के नंबरदार युनूश अली आदि शामिल रहे।

# यमुनानगर में किसानों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन




**यमुनानगर, (हि.स.)।** सैकड़ों किसानों ने किसानों की मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आवाह्न पर बुधवार को जगाधरी अनाज मंडी के सामने इकट्ठे होकर जोरदार प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया व राष्ट्रपति को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रुप से अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष जरनैल सिंह सांगवान, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकारी जिला प्रधान संदीप संखेड़ा व किसान सभा हरियाणा के राज्य उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान ने की। किसानों की मांगों का जिक्र करते हुए नेताओं ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सी 2 प्लस 50% के फामूर्ले अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की जाए। केंद्र सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा को पत्र लिखकर वायदा किया था कि एमएसपी के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा जो आज तक गठित नहीं की गई, गेहूं की फसल पर इस बार अधिक तापमान व बरसात की मार पड़ी है जिसकी वजह से उत्पादन काफी कम हुआ है। इसलिए किसानों को प्रति क्विंटल 5 सौ रुपये का बोनस दिया जाए। पेट्रोल डीजल व खाद की कीमतों में की गई भारी वृद्धि पर रोक लगाकर कम की जाएं। किसानों को अदानी साइलो में फसल ले जाने के लिए बाध्य ना किया जाए व मंडी व्यवस्था को दुरुस्त करके खरीद प्रक्रिया को तेज किया जाए। जिन किसानों की फसल तूफान के दौरान लगी आग से जल गई है उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार कैल से पोंटा साहब तक एक हाईवे निकालना चाहती है जिसमें किसानों की जमीन जाएगी किसान मांग करते हैं कि मार्केट कमेटी का जो रेट है उससे 4 गुना जमीन का रेट दिया जाए।


# बसपा ने उकलाना सीवर प्लांट हादसे पर दुख जताया

**-सीवर टेंक की मौतों पर अफसरों की हो जबाबदेही: बसपा**



**हिसार, (हि.स.)।** उकलाना सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में दलित समाज के चार कर्मियों की मौत पर बसपा ने दुख जताया है। पार्टी ने मांग की है कि सीवर टेंक की मौतों पर अफसरों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। नलवा से बसपा प्रत्याशी रहे एडवोकेट बजरंग इंदल, एडवोकेट आशा बाल्याण, वरिष्ठ बसपा नेता पवन बलराज सातरोड, जितेंद्र मोटा, अनिल पांचाल व अशोक कुमार ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बसपा नेताओं व एडवोकेटस ने उकलाना हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए मृतकों के परिजनों को एक-एक सरकारी नौकरी व 50-50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की है। एडवोकेट बजरंग इंदल ने कहा कि हिसार सहित पूरे हरियाणा में कई बड़े सीवर टेंक हादसे हो चुके है, जहां कई सफाई कर्मचारियों की आस्मिक मौत हो चुकी है। सरकार व प्रशासन ऐसे मामलों में बने सरकारी नियम कायदों को ताक पर रख रहे है। उकलाना सीवर प्लांट हादसे में मारे गए चार कर्मियों की वजह से पूरा क्षेत्र सन्न है। खट्टर सरकार को इस मामले में लीपापोती छोड़कर गंभीरता दिखानी चाहिए ताकि भविष्य में फिर से ऐसा हादसा ना हो।

# लुवास में सर्वसम्मति से शिक्षक संघ का चयन, अशोक बने प्रधान



**हिसार, (हि.स.)।** यहां के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में शिक्षक संघ के रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सज्जन सिंह ने लुवास्ता के सर्वसम्मति से चुनाव के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। लुवास के इतिहास में पहली बार शिक्षक संघ का चयन सर्वसम्मति से हुआ है। बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार लुवास एलपीटी विभाग के वैज्ञानिक और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अशोक मलिक को अध्यक्ष चुना गया है। डॉ. मलिक पिछले साल भी सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए थे। डॉ. इंदु को उपाध्यक्ष, डॉ. अमित पूनिया को सचिव, डॉ. मानसिंह को संयुक्त सचिव व डॉ. सुमित महाजन का कोषाध्यक्ष के रूप में चयन हुआ है। डॉ. राजेश कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सतीश जांगड़ा, डॉ. अंसुल लाठर, डॉ. स्वाति दहिया और डॉ. गौरव चराया सर्वसम्मति से सदस्य चुने गए हैं।नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक ने बताया कि सातवें वेतनमान में अग्रिम वेतन वृद्धि, छठे वेतनमान का 50 प्रतिशत बकाया भुगतान और शिक्षकों के वेतन संरक्षण का मामला हरियाणा सरकार के पास लंबित हैं। एसोसिएशन इन मामलों को जल्द से जल्द हल करवाने की कोशिश करेगी। इसके अलावा विभिन्न विश्वविद्यालय स्तर की मांगों जैसे कि पांच दिन का सप्ताह, प्ले स्कूल (क्रेच) खोलना और सदनों के आवंटन पर विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ चर्चा की जानी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एसोसिएशन शिक्षकों की दिन-प्रतिदिन की मांगों को हल करवाने और विश्वविद्यालय के समग्र उत्थान के लिए काम करेगी। शिक्षक विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग हैं और उनका भविष्य विश्वविद्यालय के साथ जुड़ा हुआ है, इसलिए संघ अनुसंधान, शिक्षण और विस्तार यानि हर पहलू को बेहतर बनाने का प्रयास करेगा।

# जिला में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लान के तहत किया जाए काम : जस्टिस प्रीतम पाल

**-एनजीटी द्वारा गठित निगरानी समिति के अध्यक्ष ने किया डंपिंग साईट का निरीक्षण**

**-अधिकारियों की बैठक लेकर पर्यावरण संरक्षण में किए गए कार्यो की समीक्षा की**



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** एनजीटी द्वारा गठित निगरानी समिति के अध्यक्ष जस्टिस प्रीतम पाल ने कहा है कि सफाई, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण अभियान एक यज्ञ के समान है। इसमें सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। अधिकारियों और कर्मचारियों को कानून और मजबूरी की बजाय दृढ़ इच्छा शक्ति रखकर आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए। जस्टिस प्रीतम पाल बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में हरियाणा की सेवानिवृत आईएएस अधिकारी एवं समिति की सदस्य उर्वशी गुलाटी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ी और जिला में पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की। बैठक के उपरांत जस्टिस प्रीतम पाल ने शहर में विभिन्न स्थानों का दौरा कर डीएवी पब्लिक स्कूल के पास भी डंपिंग साइट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए। जस्टिस प्रीतम पाल ने गांवों पर फोक्स देते हुए कहा कि गांवों में तरल और ठोस कचरा प्रबंधन, जल प्रबंधन और वायु प्रदूषण से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के वेस्ट का उचित निष्पादन किया जाए। इसके लिए विभिन्न स्टेक होल्डर व रिहायशी कल्याण समिति, स्कूल, कॉलेज, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं व वॉलंटियर आदि का सहयोग लिया जा सकता है। जस्टिस प्रीतम पाल ने गांवों में फेज अनुसार घर-घर से कुड़ा एकत्रित करना, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन बारे प्लान तैयार करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में एक तालाब ऐसा बनाया जाए, जिसमें केवल बरसाती पानी एकत्रित हो। उपायुक्त प्रदीप कुमार ने बैठक में आश्वासन दिया कि एनजीटी द्वारा जारी दिशा निर्देशों अनुसार जिला में विभिन्न स्तरों पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं और उनमें तेजी लाकर बनाए गए प्लान अनुसार काम किया जाएगा। इस अवसर पर एडीसी अजय चोपड़ा, एसडीएम राजेश कुमार, जिप सीईओ कुलभूषण बंसल, एचएसवीपी के एस्टेट ऑफिसर राजेश खोथ, जिप अतिरिक्त सीईओ अमित कुमार, डीआरओ हरि ओम अत्री, डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल, अधीक्षण अभियंता ओपी बिश्नोई, सीएमजीजीए रितेश कॉल, नप ईओ ऋषिकेश, सहित प्रदूषण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सुभाष कुंडू बने आप पश्चिम हरियाणा सैनिक प्रकोष्ठ प्रभारी



**हिसार, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी ने अपने पश्चिम हरियाणा जोन का विस्तार करते हुए जोन के सैनिक प्रकोष्ठ के विस्तार की जिम्मेदारी रिचर्ड नौसैनिक व पूर्व नौसैनिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष कुंडू को दी है। जिम्मेदारी मिलने के बाद सुभाष कुंडू ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता, पश्चिम हरियाणा संयोजक लक्ष्य गर्ग व सचिव सचिन जैन आभार व्यक्त करते हुए पूरी तन्मयता से संगठन का विस्तार करने की बात कही। सुभाष कुंडू ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सैनिकों के हित की सोचती है और उनके लिए जमीन पर काम करती है। आम आदमी पार्टी की सरकार एक मात्र ऐसी सरकार है जो पूर्व सैनिकों के परिवार को सैनिक के शहीद होने पर एक करोड़ सम्मान राशि देती है, एक फौजी की आत्मा को इस से बड़ी शांति मिलती है कि देश हित में वह शहीद और उसके जाने के बाद उसके परिवार का खयाल सरकार रख रही है। उन्होंने कहा कि वह पश्चिम हरियाणा के चारों जिलों में पार्टी से पूर्व सैनिकों को जोड़ेंगे और एक मजबूत संगठन निर्माण कर पार्टी को मजबूत करेंगे।

# हिसार रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बेहतर करने की मांग

**-अखिल भारतीय सेवा संघ ने पैसेंजर सर्विसिज कमेटी को सौंपा ज्ञापन**




**हिसार, (हि.स.)।** अखिल भारतीय सेवा संघ ने पैसेंजर सर्विसिज कमेटी के चेयरमैन रमेश चन्द्र रत्न व अन्य सदस्यों से मिलकर हिसार रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं और बेहतर करने की मांग की है। इस संबंध में सेवा संघ प्रतिनधिमंडल ने पैसेंजर कमेटी कमेटी चेयरमैन को मांगों का ज्ञापन सौंपा। चेयरमैन व अन्य सदस्य हिसार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए थे। अखिल भारतीय सेवा संघ के संरक्षक डा. योगेश बिदानी की अध्यक्षता में व वरिष्ठ भाजपा नेता महाबीर प्रसाद की अगुवाई में अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह मुलाकात की। चेयरमैन को सौंपे ज्ञापन में मांग की गई कि रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट व स्वचालित सीढ़ियों को सुचारू रूप से चलाने, ईलाइट सिनेमा के पास हिसार रेलवे स्टेशन का पुराना बंद रास्ता खुलवाने, बड़े पुल के पास पुराने रास्ते से गंदगी हटवाकर उसे खुलवाने, रेहड़ियों के लिए स्थान निर्धारित करवाने, हरिद्वार व जम्मू तवी के लिए चलने वाली रेलगाड़ी को प्रतिदिन चलाने व भिवानी तक आने वाली कालिंदी एक्सप्रैस, एकता एक्सप्रैस व मथुरा जाने वाली रेलगाड़ी का हिसार तक विस्तार करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हिसार से भारी संख्या में लोग विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों के लिए जाते हैं लेकिन कई रेलगाड़ियों का ठहराव भिवानी तक ही होने के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। इन रेलगाड़ियों के हिसार तक विस्तार से हिसार से यात्रियों को विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर जाने में आसानी होगी। अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय मीडिया सलाहकार राजेन्द्र सपड़ा, हिसार शाखा अध्यक्ष विनोद गोयल, कोषाध्यक्ष सुमित मित्तल, सुरेन्द्र सैनी, संजीव राजपाल व मनोहर मोर्चा अध्यक्ष सुभाष ढींगड़ा आदि ने पैसेंजर सर्विसिज कमेटी टीम में चेयरमैन रमेश चन्द्र रत्न, सदस्य यतिन्द्र सिंह व रामकिशन से मुलाकात की। चेयरमैन व अन्य सदस्यों ने आश्वासन दिया कि मांगपत्र पर प्राथमिकता के आधार पर गौर किया जाएगा।

# ओवरलोड और ओवरक्राउडिंग वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई, चलेगा अभियान

**जयपुर, (हि.स.)।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को समर्पित सड़क सुरक्षा कोष से पुलिस विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुमोदित गतिविधियों पर व्यय एवं क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये बैठक में कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आमजन को विभिन्न माध्यमों से जागरूक कराने, नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्यवाही कराने सहित कई निर्देश दिये। कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर समीक्षा की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ओवरलोडिंग और ओवरक्राउडिंग वाहनों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायें। उन्होंने ऐसे रूट चिंहित कर कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बड़े व्यावसायिक वाहन संचालकों को पाबंद किया जाये कि वे अपने चालक-परिचालकों से परिवहन नियमों की पालना करायें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को कहा कि जल्द से जल्द प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्राइमरी ट्रॉमा सेंटर में अपग्रेड किया जायें, ताकि सड़क दुर्घटना में घायलों का नजदीक में ही तुरंत उपचार हो सके।

# विधायक सांखला का धरना: विधायक खंडेलवाल व मीणा भी पहुंचे धरने पर, राज्य सरकार को बताया संवेदनहीन




**भीलवाड़ा, (हिस)।** भीलवाड़ा जिले के आसीन्द विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं का निराकरण न होने के मामले को लेकर विधायक जब्बरसिंह सांखला द्वारा बुधवार को तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। विधायक सांखला का आरोप है कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन जानबूझ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाकर आसींद में कार्यो की स्वीकृति जारी नहीं कर रही है। आज तीसरे दिन मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा व पाटन महन्त रामकृष्ण दासजी धरने पर पहुंचे। उन्होंने विधायक जब्बर सिंह सांखला के समर्थन में धरने को संबोधित किया। आसीन्द विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह तंवर ने बताया की क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला के सानिध्य में आयोजित अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा धरने के समर्थन में पहुंचे एवं राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला उन्होंने सरकार को संवेदनहीन बताया। विधायक गोपीचंद मीणा ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक जब्बर सिंह सांखला ने जो जनहित की मांगे रखी वो शत प्रतिशत आवश्यक है। राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा जबरन भाजपा विधायकों के क्षेत्र में जनहित के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर रही है। विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार अपना अड़ियल रवैया छोड़कर जनहित के कार्य करने लग जाए अन्यथा आने वाले समय में यह जनता आपको इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। यदि जिला कलेक्टर द्वारा विधायक विधायक जब्बर सिंह सांखला की मुख्य मांगों को डीएमफटी फंड से पूरा नहीं किया जाता है, तो जिला एवं प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जायेगा। धरना कार्यक्रम के पश्चात विधायक गोपीचंद मीणा एवं गोपाल खंडेलवाल ने विधायक जब्बर सिंह सांखला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति में जिला कलेक्टर आशीष मोदी के नाम उपखंड अधिकारी संदीप कुमार ककड़ को ज्ञापन सौंपा। अतिशीघ्र जनहित की मांगों को पूर्ण करने की बात कही अन्यथा जिला एवं प्रदेश स्तर तक आंदोलन की बात कही।

# निरोगी राजस्थान योजना से स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगा क्रांतिकारी बदलाव: चिकित्सा मंत्री



**जयपुर, (हि.स.)।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि 'मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान' योजना प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य के लिए क्रांतिकारी योजना है। उन्होंने प्रदेश के सभी स्वास्थ्य कार्मिकों, मेडिकल, पैरामेडिकल व संबंधित कार्मिकों से योजना के सफल क्रियान्वयन में भागीदार बनने का आह्वान किया। स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य, अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में जब 'मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना' का आगाज हुआ था, तब लोगों को इसके सफल होने पर आशंकाएं थी। चिकित्सा कार्मिकों के सहयोग से यह योजना आज देश भर के लिए मिसाल बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना का अभी ट्रायल चल रहा है, चिकित्सा कार्मिक यदि पूरे मनोयोग से सहयोग करेंगे तो प्रदेश एक बार फिर चिकित्सा के क्षेत्र में इबारत गढ़ेगा। मीणा ने निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों में आईपीडी, ओपीडी की दवाएं और जांचें निशुल्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाएं। आईपीडी में भर्ती मरीज के लिए बेड साइड ऐसा सिस्टम विकसित करें ताकि उन्हें दवा की पर्ची ही ना दी जाए। ओपीडी में आने वाले मरीज को भी संस्थान में उपलब्ध दवाई ही लिखी जाए। उन्होंने कहा कि दवाएं उपलब्ध ना होने पर वैकल्पिक दवा लिखकर जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है। मेडिकल शिक्षा प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि अप्रैल माह तक प्रदेश में ट्रायल चल रहा है। 1 मई से प्रदेशभर में योजना विधिवत शुरू हो जाएगी। ऐसे में चिकित्सक आमजन को योजना के अनुरूप चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एसेंशियल ड्रग लिस्ट के अलावा दवाओं की जरूरत होने पर अधिकारीगण आरएमएससीएल या नियमनुसार रेट कांटेक्ट कर दवा खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से भी आवश्यकतानुसार दवाओं को क्रय किया जा सकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उदयपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर व अन्य मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों से इस महत्वाकांक्षी योजना पर बनाई कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एसएमएस अस्पताल के डॉ अमरजीत सिंह मेहता ने योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को भी पीपीटी के माध्यम से बताया। उन्होंने योजना को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किए जाने के लिए भी आश्वस्त किया।

# उपग्रह-रोधी मिसाइलों के परीक्षण पर रोक लगाएगा अमेरिका



**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने घोषणा की है कि वह उपग्रह-रोधी मिसाइलों के परीक्षण पर रोक लगाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम अंतरिक्ष में सैन्य कार्रवाई के लिए नए मानदंड स्थापित करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। दरअसल, अमेरिका उपग्रह रोधी मिसाइल परीक्षण करने के लिए रूस और चीन की तीखी आलोचना करता रहा है। अमेरिका ने हालांकि 14 साल पहले एक खराब जासूसी उपग्रह को नष्ट करने के लिए अपनी नौसेना के युद्धपोत से एक मिसाइल दागी थी। अमेरिका का यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि रूस ने सोवियत काल के एक निष्क्रिय उपग्रह को नष्ट करने के लिए नवंबर में एक मिसाइल दागी थी। रूस के इस कदम के बाद अंतरिक्ष के सैन्यीकरण पर बहस तेज हो गयी थी। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने रूसी कदम को गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाई बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की थी। अमेरिका की अंतरिक्ष कमान के मुताबिक रूस द्वारा उपग्रह को नष्ट करने के तहत दागी गई मिसाइल के कारण अंतरिक्ष मलबे के 1,500 से अधिक टुकड़े पैदा हुए थे जिसके परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सवार अमेरिकी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के अलावा चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए जोखिम बढ़ गया था।

गौरतलब है कि उपग्रह रोधी मिसाइलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करने वाला अमेरिका दुनिया का पहला देश है।

# लॉकडाउन के चलते चीन के शंघाई बंदरगाह पर फंसे हजारों जहाज, पूर्वी चीन सागर में लगा जाम



**बीजिंग, (हि.स.)।** चीन की आर्थिक राजधानी शंघाई में कोरोना संक्रमण के कारण पिछले एक माह से आर्थिक गतिविधियां भी पूरी तरह से बंद हैं। लॉकडाउन का सबसे बुरा असर शंघाई बंदरगाह पर देखने को मिल रहा है, जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में मालवाहक जहाज खड़े होने से पूर्वी चीन सागर में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में शंघाई बंदरगाह पर जहाजों की उपस्थिति को दिखाया जा रहा है। इस कारण पूरा बंदरगाह मालवाहक जहाजों से भर गया है। बंदरगाह से कई किलोमीटर दूर खुले समुद्र में भी जहाज खड़े नजर आ रहे हैं। माल उतारने और चढ़ाने की इजाजत न होने के कारण जहाज के क्रू भी समुद्र में फंसे हैं। कई जहाजों पर तो खाने-पीने और दैनिक जरूरतों की चीजों की भी कमी होने लगी है। इसके बावजूद चीन अपने सख्त नियमों में बिलकुल भी ढील देने को तैयार नहीं है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इन जहाजों को बंदरगाह पर आने या बंदरगाह पर खड़े जहाजों को बाहर जाने की इजाजत कब दी जाएगी। कोरोना के कारण शंघाई प्रशासन ने बाहरी लोगों के शहर में आने पर रोक लगा रखी है। शहर के लोगों को भी बाहर निकलने की इजाजत नहीं है। पूरे शहर में बड़े पैमाने पर लोगों की टेस्टिंग की जा रही है। इतना ही नहीं, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के जरिए क्वारंटीन क्षेत्रों की निगरानी किया जा रहा है।


बाहर निकलने वाले लोगों को ड्रोन और हेलीकॉप्टरों पर लगे स्पीकरों के जरिए चेतावनी भी दी जा रही है। इतना ही नहीं, अगर किसी इलाके में ज्यादा लोगों की मौजूदगी का पता चलता है को वहां स्थानीय पुलिस को भेजा जा रहा है। शंघाई में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ काफी बढ़ गया है। हल्के-फुल्के लक्षण होने के बावजूद लोगों को अस्पतालों में भर्ती किया जा रहा है, जिस कारण मरीजों को बेड मिलने में मुश्किल हो रही है। शंघाई के अधिकारियों ने कोरोना से कोई मौत नहीं होने की सूचना दी है, लेकिन डेटा की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। शहर के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि संक्रमण के मामलों और मौतों की पुष्टि के मानदंड बहुत सख्त हैं और इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप रहता है।

# भारत के विदेश मंत्री और विदेश नीति की रूसी विदेश मंत्री लॉवरोव ने की तारीफ



**मास्को, (हि.स.)।** रूस ने भारत की विदेश नीति की तारीफ करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर को सच्चा देशभक्त बताया है। यह तारीफ रूसी विदेश मंत्री सरगे लॉवरोव ने की है। लॉवरोव ने भारत के अंतराष्ट्रीय दवाब में आए बिना अपनी विदेश नीति खुद तय करने के फैसले को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर की सराहना करते हुए उन्हें असली देशभक्त कहा है। लॉवरोव ने कहा कि रूस के साथ व्यापार को लेकर भारत पर दुनियाभर से पड़ रहे दवाब के बावजूद भारत अपने फैसले पर अडिग है और अपने अनुसार ही विदेश नीति बना रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। रूसी विदेश मंत्री ने आगे कहा कि हम अपने देश के लिए फैसले इस आधार पर ले रहे हैं कि भारत अपने विकास और सुरक्षा को लेकर क्या मानकर चल रहा है। बहुत ज्यादा देशों में इतने मुखर तौर पर अपनी बात रखने की हिम्मत नहीं है। खाद्य सुरक्षा, रक्षा और कुछ रणनीतिक क्षेत्रों को लेकर रूस पश्चिमी देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हम उन सभी देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं जो अंतराष्ट्रीय समुदाय द्वारा रूस पर लगाए गए अनैतिक प्रतिबंधों की परवाह नहीं करता और भारत भी उनमें से एक है। उल्लेखनीय है कि रूस से कच्चा तेल खरीद रहे भारत ने रूस को मेडिकल उपकरणों देने के लिए हामी भरी है। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध लगाए हैं। जिसके चलते रूस में मेडिकल उपकरणों की कमी हो रही है। ऐसे में रूस मदद के लिए एक बार फिर भारत की तरफ देख रहा है और भारत भी रूस की मदद करने को तैयार है। दोनों देशों के बीच विनिमय का माध्यम किस मुद्रा में व्यापार होगा उसको लेकर बात चल रही है।

# आईएमएफ ने लगाया भारत के 8.2 फीसदी विकास दर का अनुमान



**वाशिंगटन, (हि. सं.)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के 8.2 फीसदी विकास दर का अनुमान लगाया है। हालांकि यह पहले के लगाए 9 फीसदी विकास दर के अनुमान से कम है। आईएमएफ की तरफ से विकास दर का यह अनुमान अमेरिका और चीन के विकास दर से अधिक है। आईएमएफ के अनुसार कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध का असर अमेरिका की आर्थिक वृद्धि पर नकारात्मक असर डाल सकता है। वैश्विक संस्था के नए आकलन में भारत की वृद्धि दर की रफ्तार घटने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले लगभग दोगुनी रफ्तार से बढ़ेगी। आईएमएफ के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष में अमेरिका की विकास दर 3.7 फीसदी तक रहने का अनुमान है। वहीं, चीन के बारे में संस्था का अनुमान है कि इन दोनों कारणों की वजह से चीन की विकास दर 4.4 फीसदी तक हो सकती है। आईएमएफ ने यूरोजोन के लिए विकास दर 2.8 से 3.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। चीन आर्थिक राजधानी शंघाई में कोविड मामले बढ़ने से फिलहाल शहर लाकडाउन की चपेट में है और यहां के स्थानीय लोग प्रतिबंधों से ऊबने के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं अमेरिका में कोविड से सर्वाधिक मौत का सामना करना पड़ा है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों को अपनी नौकरी भी गंवानी पड़ी है।

# श्रीलंकाई पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए चलाई गोली

**-एक व्यक्ति की मौत, कर्फ्यू लगाया**

**कोलंबो (ईएमएस)।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से करीब 100 किलोमीटर दूर रामबुकाना कस्बे में पुलिस की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस दौरान 12 लोग घायल हुए हैं। श्रीलंका की पुलिस ने गोलीबारी की पुष्टि करते हुए बताया है कि प्रदर्शनकारी एक रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगा रहे थे। उन्हें हटाने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी है। श्रीलंकाई पुलिस ने पुलिस फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद रामबुक्काना पुलिस डिवीजन में कर्फ्यू लगा दिया। पुलिस प्रवक्ता एसएसपी निहाल थलडुवा ने बताया कि रामबुकाना पुलिस क्षेत्र में अगली सूचना तक पुलिस कर्फ्यू लगा दिया गया है। कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से कानून लागू किया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने राष्ट्रपति गोटबया राजपक्षे की शक्तियों पर अंकुश लगाने और संसद को सशक्त बनाने के लिए संविधान में 19वें संशोधन को बहाल करने का एक प्रस्ताव मंगलवार को पेश किया। यह प्रस्ताव ऐसे समय में पेश किया गया, जब श्रीलंका अप्रत्याशित आर्थिक संकट से जूझ रहा है और लोग लगातार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पारंपरिक सिंहली और तमिल नव वर्ष के बाद संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री राजपक्षे ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक आधार पर विभिन्न संकटों का समाधान खोजा जाए। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि संविधान में संशोधन जरूर होना चाहिए। इसकी शुरूआत के तौर पर, 19वें संशोधन को आवश्यक और समयबद्ध परिवर्तनों के साथ लागू करना, देश की मौजूदा स्थिति के लिए सबसे अच्छा अल्पकालिक समाधान है। प्रधानमंत्री ने संसद से कहा मेरा मानना है कि 19ए को कुछ संशोधनों के साथ एक अल्पकालिक समाधान के रूप में बहाल किया जा सकता है। साल 2015 में अपनाया गया 19ए राष्ट्रपति की शक्तियों को कम करता है और संसद को कार्यकारी राष्ट्रपति से अधिक शक्तियां देता है। पूर्व प्रधानमंत्री एवं यूनाइटेड नेशनल पार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने कहा, मैं 19वें संशोधन को बहाल करने को लेकर खुश हूं। मेरा अनुरोध है कि सम्मानजनक तरीके से 20वें संशोधन को जल्द से जल्द समाप्त कर दें, ताकि 19वें संशोधन को बहाल किया जा सके। विक्रमसिंघे की सरकार ने ही 19वां संशोधन पेश किया था। राष्ट्रपति के आशीर्वाद से हमें भविष्य में व्यापक संवैधानिक सुधार की ओर बढ़ना चाहिए।

# मारियुपोल पर कब्जे के करीब रूसी सेना, चेचन्या नेता ने किया दावा




**कीव/मास्को, (हि.स.)।** यूक्रेन के मारियुपोल शहर पर रूस सेना कब्जे करने के करीब है, यह दावा चेचन्या के रूस समर्थित नेता रमजान कादिरोव ने किया है। उन्हें यकीन है कि रूसी सेना कुछ घंटे के भीतर मारियुपोल के प्रमुख बंदरगाह में यूक्रेन के प्रतिरोध को खत्म कर देगी। कादिरोव को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का सबसे खास मुस्लिम नेता माना जाता है। उसकी सेना में शामिल सभी लड़ाके खूंखार और हिंसक प्रवृति के लिए जाने जाते हैं। कादिरोव ने कहा कि रूसी सेना मंगलवार को मारियुपोल में यूक्रेन के प्रतिरोध को खत्म कर देगी और शहर में यूक्रेन के नियंत्रण वाले अंतिम स्थल अजोवस्ताल स्टील मिल पर कब्जा कर लेगी। यूक्रेन के सैनिकों ने रूसी नाकाबंदी और निरंतर हमलों के बावजूद सात हफ्तों से अजोव सागर पर रणनीतिक बंदरगाह का बचाव किया है, जबकि शहर के अधिकतर हिस्सों पर रूसी सेना का कब्जा हो चुका है। अजोवस्ताल स्टील संयंत्र लगभग 11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यूक्रेन के सैनिकों ने भूमिगत सुरंगों और डिपो के विशाल नेटवर्क के जरिए रूसी सेना के समक्ष कड़ा प्रतिरोध किया है। कादिरोव की सेना मारियुपोल में रूस की तरफ से लड़ रही है। वह कई बार शहर पर कब्जे की बात कह चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चेचेन स्पेशल फोर्सेस को यूक्रेन के जंगल में ट्रेनिंग लेते हुए देखा गया है। कीव में अपनी संभावित तैनाती से पहले सैनिकों को नमाज पढ़ते हुए देखा गया।

रमजान कादिरोव भी कुछ दिनों पहले यूक्रेन में अपनी सेना से मिलने आया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की कई बार दावा कर चुके हैं कि रूस उन्हें दुश्मन नंबर-1 मानता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का दूसरा टारगेट उनका परिवार है।

**डोनबास पर कब्जे की तैयारी -** रूस अब यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र पर व्यापक हमले शुरू कर दिया है उसका मुख्य लक्ष्य डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे 'बैटल आफ द डोनबास' करार दिया है। उन्होंने कहा कि रूसी सैनिक चाहे कितनी भी संख्या में क्यों न हों, यूक्रेनी सेना लड़ाई जारी रखेगी। रूसी सेना ने क्रेमिन्ना व एक अन्य छोटे शहर पर कब्जा भी कर लिया है। वहीं मारियुपोल पर कब्जे के लिए कई हफ्तों से संघर्ष कर रही पुतिन की सेना ने यूक्रेनी सैनिकों को समर्पण के लिए आखिरी मौका दिया है। उन्होंने अजोवस्टल संयंत्र को सौंपने का भी अल्टीमेटम दिया है। खार्कीव पर हुए हमलों में सात लोगों के मारे जाने व 17 से ज्यादा के घायल होने की सूचना है। रूस का कहना है कि वो समर्पण करने वाले जवानों को बाहर जाने के लिए एक सुरक्षित मार्ग मुहैया करवाएगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि रूसी सैनिकों ने डोनबास के लिए लड़ाई शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ओलेक्जेंडर ने कहा कि रूस, यूक्रेनी सेना को हराकर लुहांस्क व डोनेस्क पर कब्जा करके क्रीमिया के लिए रास्ता बनाना चाहता है।

## आज का इतिहास 21 अप्रैल

1451 बहलोल खान लोदी दिल्ली की गद्दी पर बैठा.

1526 इब्राहिम लोदी और बाबर के बीच पानीपत की लड़ाई हुई थी,जिसमें लोदी मारा गया.

1839 तुर्की ने सीरिया पर हमला किया.

1926 इंग्लैंड की रानी एलिजाबेथ द्वितीय का जन्म हुआ था.

1930 कोलम्बस, ओहिया, अमेरिका में राजकीय सुधारगृह में लगी आग से 317 बन्दियों की मृत्यु और 231 घायल.

1938 उर्दू शायर मुहम्मद इकबाल की मौत.

1966 ह्यूस्टन के एक अस्पताल में एक व्यक्ति में कृत्रिम हृदय का प्रत्यारोपण किया गया.

1972 अपोलो16 के दो अंतरिक्ष यात्रियों ने चांद की सतह पर सात घंटे तक खोजबीन की.

1986 फिलीपींस में सैनिकों ने विद्रोहियों के शिविर पर हमला किया 41 लोग मारे गये.

1987 कोलंबो में बम विस्फोट से 15 मरे.

1997 इंद्रकुमार गुजराल ने अपने 34 मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री पद की शपथ ली.

2002 गुजरात में एक बार फिर बड़े पैमाने पर हिंसा,13 मरे व 100 घायल.

2005 वड़ोदरा और गोधरा स्टेशनों के बीच समलाया गांव में साबरमती एक्सप्रेस के एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा जाने से लगभग 20 लोगों की मौत हो गई.

# नासा ने अंतरिक्ष में उजागर की धरती की लोकेशन, एलियंस के हमले की वजह बन सकती है यह गलती



**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** बाहरी अंतरिक्ष में पृथ्वी की लोकेशन को उजागर करने वाला नासा का एक प्लान अनजाने में 'एलियंस के हमले' की वजह बन सकता है। ऑक्सफोर्ड के वैज्ञानिकों ने इसकी चेतावनी दी है। बाइनरी-कोडेड 'बीकन इन द गैलेक्सी' मैसेज सौर मंडल, पृथ्वी की सतह और मानवता के बारे में तमाम जानकारियां आकाशगंगा के एक हिस्से में प्रसारित करेगा, जिसे एलियंस के सबसे संभावित घर के रूप में जाना जाता है। खबर के अनुसार नासा का यह मैसेज अरेसीबो मैसेज का एक अपडेटेड रूप है जिसने रेडियो टेलिस्कोप की मदद से इसी तरह की जानकारियां 1974 में अंतरिक्ष में प्रसारित की थी। हालांकि ऑक्सफोर्ड के फ्यूचर ऑफ ह्यूमैनिटी इंस्टीट्यूट (एफएचआई) के वरिष्ठ शोधकर्ता एंडर्स सैंडबर्ग ने चेतावनी दी है कि इस तरह की जानकारियां अंतरिक्ष में उजागर करना बेहद जोखिम भरा है। उन्होंने कहा यद्यपि इस मैसेज की एलियन सभ्यता तक पहुंचने की संभावना बहुत कम है, लेकिन इसका असर इतना गहरा होता है कि आपको इसे बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा एलियंस की खोज को लेकर चौंकाने वाली बात यह है कि बहुत से लोग इससे जुड़ी किसी भी चीज को गंभीरता से लेने से इनकार कर देते हैं, जो शर्म की बात है क्योंकि यह बेहद जरूरी चीज है।

इस मैसेज में इंसानों की तस्वीरें भी शामिल हैं। डॉ सैंडबर्ग के सहकर्मी टॉबी ऑर्ड ने भी 2020 में प्रकाशित अपनी किताब में यही तर्क दिए हैं। किताब में उन्होंने अस्तित्व के जोखिमों और मानवता के भविष्य का विश्लेषण किया है। नासा का मैसेज एलियंस को प्रतिक्रिया करने का न्यौता देने के साथ खत्म होगा जिसमें सोलर सिस्टम की लोकेशन सहित पृथ्वी पर जीवन की जैव रासायनिक संरचना के बारे में जानकारी दी गई हैं

# खादिम-ए-पाकिस्तान से ज्यादा अमीर हैं उनकी पहली पत्नी, ब्रिटेन से लेकर पाक तक फैला है कारोबार

**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पास वास्तव में एक दिलचस्प पोर्टफोलियो है, जो उनके जीवन, राजनीतिक करियर और भ्रष्टाचार से जुड़े सभी पहलुओं के साथ असाधारण खुलासों से भरा हुआ है। यह शहबाज शरीफ को एक प्रमुख चर्चा और आलोचनाओं का विषय बनाता है। शहबाज शरीफ द्वारा पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) के साथ साझा किए गए विवरण के अनुसार, विदेशों में उनकी संपत्ति का मूल्य देश में उनके स्वामित्व वाली संपत्तियों से भी अधिक है। यही नहीं शहबाज शरीफ की पहली पत्नी नुसरत की संपत्ति पाकिस्तानी पीएम से ज्यादा है। शहबाज शरीफ खुद को खादिम-ए-पाकिस्तान कहते हैं। लंदन में शहबाज शरीफ की दो संपत्तियों का कुल मूल्य 15.3 करोड़ रुपये से अधिक है, जबकि पाकिस्तान में उनकी संपत्ति 10.82 करोड़ रुपये की है। अन्य विवरण की बात करें तो पाकिस्तान में शहबाज शरीफ के पास 36 लाख रुपये की 553 कनाल कृषि भूमि, मुर्री में दो 1.66 करोड़ रुपये की संपत्तियां, औद्योगिक क्षेत्र में 720,000 रुपये का निवेश, 2.08 करोड़ रुपये का उपहार में मिला एक वाहन और बैंक में जमा पूंजी और 6.65 करोड़ रुपये नकदी है। ब्रिटेन और पाकिस्तान में उनकी कुल संपत्ति का मूल्य कम से कम 26.22 करोड़ रुपए आंका गया है। हालांकि, 13.02 करोड़ रुपए की देनदारी के साथ, उनकी शुद्ध संपत्ति 13.20 करोड़ रुपये तक मानी जा रही है। यह विवरण वर्ष 2015 के दौरान पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) के साथ साझा किए गए रिकॉर्ड के अनुसार है। शहबाज शरीफ की पहली पत्नी नुसरत शाहबाज उनसे ज्यादा अमीर हैं, क्योंकि उनकी कुल संपत्ति 27.60 करोड़ रुपये है, जिसमें तीन घर और 810 कनाल कृषि भूमि शामिल है। नुसरत शाहबाज ने कताई मिलों, एक व्यापारिक कंपनी, कपड़ा मिलों, पोल्ट्री फार्मों, चीनी मिलों, डेयरी फार्मों, एक ऊर्जा कंपनी और प्लास्टिक उद्योग में निवेश किया है। इसके अलावा, उनके घरेलू फर्नीचर, आभूषण और एक कार की कीमत 34.1 लाख रुपये है।

# चीन ने सोलोमन द्वीप के साथ किया विवादास्पद 'सुरक्षा समझौता', चिंता में पड़े अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया

**मेलबोर्न (ईएमएस)।** चीन ने दुनियाभर से हो रही आलोचनाओं को धता बताते हुए दक्षिणी प्रशांत महासागर में सैन्य दबदबा कायम करने के लिहाज से कदम बढ़ाए है। चीन ने प्रशांत महासागर के छोटे से द्वीप सोलोमन के साथ विवादास्पद सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किया है। ऐसा पहली बार है जब चीनी सेना पीएलए ऑस्ट्रेलिया की सीमा से मात्र 2 हजार किमी दूर पहुंचने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया और पश्चिमी देशों को आशंका है कि चीन सोलोमन द्वीप पर सैन्य अड्डा बना सकता है। इससे पहले चीन ने अफ्रीका के जिबूती में सैन्य अड्डा बनाकर दुनिया को अपनी ताकत का अहसास कराया था। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा दोनों देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे दो दिन पहले एक अमेरिकी दल सोलोमन द्वीप पहुंचा था ताकि सोलोमन द्वीप की चीन समर्थक सरकार को चेतावनी दी जा सके। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य सामाजिक स्थिरता और सोलोमन द्वीप पर लंबे समय तक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। चीन ने कहा कि यह समझौता सोलोमन द्वीप और दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के साझा हित की दिशा में ही है। चीन ने इस समझौते की शर्तों के बारे में खुलासा नहीं किया है लेकिन सोलोमन द्वीप की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस समझौते 31 मार्च को हुआ है और इसे बाद में पुष्टि की जाएगी। ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका को डर है चीन पूरे प्रशांत महासागर में सैन्य अड्डे बनाने का प्रयास करेगा। इन दोनों ही देशों ने सोलोमन द्वीप के प्रधानमंत्री मानस्सेह सोगावरे से अपील की थी कि वह इस समझौते को रद्द कर दें। सोलोमन द्वीप के पीएम मानस्सेह सोगावरे ने उनकी बात मानने की बजाय अमेरिका की आलोचना को ही 'अपमानजनक' करार दिया है। चीन ने दावा किया है कि यह समझौता सार्वजनिक, पारदर्शी और समन्वय पर आधारित है। यह किसी तीसरे देश को लक्ष्य करके नहीं किया गया है।



कीव में आंतरिक मंत्रालय के कर्मचारी एक होल में विस्फोटक एकत्र करते हुए। इन विस्फोटकों को मोसहुन इलाके में धमाकों के लिए इस्तेमाल करना है। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 21 apr 2022:Layout 1 4/20/2022 7:40 AM Page 5



# फ्लिपकार्ट ने किया एएनएस कॉमर्स का अधिग्रहण

**-समाधान मंच के रूप में काम करती रहेगी एएनएस कॉमर्स**




**नई दिल्ली(ईएमएस)।** फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को देश में अपने ऑनलाइन खुदरा परिदृश्य को मजबूत करने के लिए एएनएस कॉमर्स का अधिग्रहण किया है। फ्लिपकार्ट ने बयान में कहा कि अधिग्रहण के बाद भी एएनएस कॉमर्स अपनी मौजूदा शीर्ष नेतृत्व के मातहत एक स्वतंत्र ई-कॉमर्स समाधान मंच के रूप में काम करती रहेगी। इस सौदे के दूसरी छमाही में पूरा होने की संभावना है। फ्लिपकार्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कॉरपोरेट विकास प्रमुख रवि अय्यर ने कहा, एएनएस कॉमर्स के साथ हमारा जुड़ाव पिछले साल शुरू हुआ था जब वह फ्लिपकार्ट के प्रौद्योगिकी स्टार्टअप संवर्द्धन कार्यक्रम फ्लिपकार्ट लीप का हिस्सा थी। हमें फ्लिपकार्ट समूह में एएनएस का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। वर्ष 2017 में गठित एएनएस कॉमर्स विभिन्न श्रेणियों में उद्यम, मिड-मार्केट और सीधे ग्राहक तक पहुंच (डी2सी) खंडों से जुड़े 100 से अधिक ग्राहकों के साथ काम कर रही है। इसका मुख्य जोर तेजी से बढ़ रहे डी2सी खंड पर है क्योंकि अधिक ब्रांड अपने उपभोक्ताओं से जुड़ना चाहते हैं। एएनएस कॉमर्स के संस्थापकों ने एक साझा बयान में कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमने उपभोक्ता व्यवहार में नाटकीय बदलाव देखा है, जिसकी वजह से ब्रांडों का भी उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने को लेकर नजरिया बदला है। हम फ्लिपकार्ट समूह के साथ जुड़कर प्रसन्न हैं क्योंकि हम अपना काम जारी रखते हैं। फ्लिपकार्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (खरीदारी अनुभव एवं कॉमर्स क्लाउड) आनंद लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि फ्लिपकार्ट एएनएस कॉमर्स के जरिये भारतीय ब्रांडों के लिए नई एसएएस सेवाएं लाने को लेकर उत्साहित हैं।

# वॉट्सऐप लास्ट सीन को छुपाने का देगा ऑप्शन

**-मौजूदा समय में, ऐप यूजर्स को मिलते हैं तीन ऑप्शन**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म वॉट्सऐप अपने यूजर्स को विशिष्ट कॉन्टैक्ट सेह्यलास्ट सीन को छुपाने का ऑप्शन देगा। मौजूदा समय में, ऐप यूजर्स को तीन ऑप्शन मिलते हैं ,जिसमें वह सेलेक्ट कर सकते हैं कि उन्हें लास्ट सीन को सबको दिखाना है, सिर्फ फोन कॉन्टैक्ट को दिखाना है या फिर सबसे छुपाना है। लास्ट सीन आपको बताता है कि किसी यूजर ने आखिरी बार अपना ऐप कब चेक किया था यानी कि वह कब ऑनलाइन आया। ये मैसेज सेंड करने वालों को ये अनुमान लगाने की अनुमति देता है कि क्या आपने कोई मैसेज देखा होगा, भले ही रीड रिसीप्ट बंद हो। वाबेटा इंफो के अनुसार, एंड्रॉयड और आईओएस के लिए लेटेस्ट बीटा में, वॉट्सऐप अब आपको उन व्यक्तियों से लास्ट सीन छिपाने की अनुमति देगा, जिन्हें आप सिर्फ अपनी कॉन्टैक्ट लिस्ट से चुनते हैं। वाबेटाइंफो ने ट्वीट कर नए फीचर की जानकारी दी है। वाबेटाइंफो ने ट्वीट कर नए फीचर की जानकारी दी है।

अगर आप सेटिंग्स में जाते हैं, तो अकाउंट पर टैप करें, और प्राइवेसी को सेलेक्ट करें, आपको लास्ट सीन के लिए एक ऑप्शन दिखने लगेगा, ऑप्शन को सेलेक्ट करें और माई कांटेक्टस एक्सेप्ट पर टैप करें ताकि ये पता लगाया जा सके कि आपका स्टेटस कौन देख सकता है। ये मददगार है क्योंकि अब आपको अपनी ऑनलाइन स्थिति को सभी से छुपाने की जरूरत नहीं होगी, और आप कॉन्टैक्ट के बस कुछ ही लोगों से लास्ट सीन स्टेटस छुपा सकेंगे। इसके अलावा वॉट्सऐप जल्द यूजर्स के लिए 5 नए फीचर्स लाने के लिए तैयार है, जिसमें सबसे अहम फीचर्स कम्युनिटीज है, जो लोगों को अब बड़े समुदाय के साथ जुड़ने की सुविधा देगा। इसके अलावा मेटा के स्वामित्व वाला ये मैसेजिंग ऐप 4 और फीचर लॉन्च करने वाला है। बता दें कि वॉट्सऐप यूजर्स के लिए नए-नए फीचर पर काम करता रहता है, और अब मेटा-स्वामित्व वाला मैसेजिंग प्लेटफॉर्म बहुत काम के फीचर को लाने की तैयारी कर रहा है।

# भारत का चीनी उत्पादन बढ़कर 3.5 करोड़ टन रह सकता है : सरकार



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत का चीनी उत्पादन सितंबर, 2022 में समाप्त होने वाले चालू विपणन सत्र में 13 प्रतिशत बढ़कर 3.5 करोड़ टन रह सकता है। इस दौरान चीनी निर्यात 95 लाख टन रहने की संभावना है। खाद्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल का 92,480 करोड़ रुपए का करीब 99.5 प्रतिशत गन्ने का बकाया चुका दिया गया है। इसके अलावा चालू साल के लिए भी किसानों को गन्ने का 80 प्रतिशत बकाया दे दिया गया है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय की अध्यक्षता में हाल ही में यहां डिजिटल तरीके से राज्यों के गन्ना आयुक्तों के साथ हुई बैठक में चीनी की उपलब्धता और निर्यात की स्थिति का आकलन किया गया। मंत्रालय ने कहा कि संशोधित अनुमान के अनुसार 2021-22 के विपणन सत्र में चीनी का उत्पादन 3.5 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा एथनॉल के लिए 35 लाख टन चीनी निकालने के बाद है। बताया गया है कि चीनी उत्पादन घरेलू खपत 2.78 करोड़ टन से कहीं अधिक रहने का अनुमान है। 2021-22 के विपणन वर्ष की शुरूआत में चीनी का पिछला भंडार 85 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि देश में चीनी की उपलब्धता घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त है।

# सेबी ने सिंह बंधुओं एवं अन्य पर लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने फोर्टिस हेल्थकेयर मामले में उद्यमी मालविंदर मोहन सिंह और शिविंदर मोहन सिंह समेत नौ लोगों पर कुल 24 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी ने दोनों सिंह बंधुओ पर पांच-पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया और आरएचसी होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड पर 2.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। आदेश के अनुसार फोर्टिस हेल्थकेयर पर एक करोड़ रुपए और फोर्टिस हॉस्पिटल्स पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा मालव होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड पर 2.5 करोड़ रुपए, शिवी होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड पर 2.5 करोड़ रुपए, गगनदीप सिंह बेदी पर 2.5 करोड़ रुपए और भवदीप सिंह पर 2.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2018 में सेबी ने फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड को सिंह बंधुओं और विभिन्न अन्य संस्थाओं से ब्याज सहित 403 करोड़ रुपए की वसूली के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया था। सेबी ने साथ ही सिंह बंधुओं को प्रतिभूति बाजार से तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। उन्हें किसी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में या किसी मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थान के सेबी के साथ पंजीकृत मध्यस्थ के रूप में संबद्ध होने से भी रोक दिया गया है।

# आयातित कोयले की उच्च कीमत का भार उपभोक्ताओं पर डाल सकता है बिजली मंत्रालय



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** घरेलू कोयले के संकट की वजह और बिजली संकट गहराने की बढ़ती आशंका के बीच बिजली मंत्रालय ने उच्च कीमत वाले आयातित कोयले का भार उपभोक्ताओं पर ही डालने की राय का समर्थन किया है। केंद्रीय बिजली सचिव आलोक कुमार ने कहा कि दिसंबर 2022 तक कुछ कोयला-आधारित बिजली संयंत्रों के लिए आयातित कोयले पर आने वाली उच्च लागत का भार उपभोक्ताओं पर डालने देने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि अगर आयातित कोयले पर आधारित बिजली संयंत्र पूरी क्षमता से नहीं चलेंगे, तो बिजली की बढ़ती मांग के कारण घरेलू कोयला आधारित इकाइयों पर दबाव पड़ेगा। इससे बिजली की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी क्योंकि अडानी समूह, टाटा पावर और एस्सार जैसी आयातित कोयला आधारित इकाइयां बिजली पैदा करने और राज्य वितरण कंपनियों को बेचने में सक्षम होंगी। इस महीने की शुरूआत में बिजली मंत्री आरके सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में एस्सार के 1,200 मेगावाट के सलाया संयंत्र और मुंद्रा में अडाणी के 1,980 मेगावाट संयंत्र जैसी इकाइयों को शामिल करते हुए आयातित कोयले की ऊंची लागत को उपभोक्ताओं पर ही डालने को लेकर सहमति बनी थी।


# फरवरी में दूरसंचार ग्राहक घटकर 116.6 करोड़ रह गए



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में दूरसंचा उपभोक्ता इस साल फरवरी में घटकर 116.60 करोड़ रह गए। इस दौरान रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया जैसी कंपनियों के मोबाइल ग्राहक कम हुए। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के जारी किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक मोबाइल खंड में भारती एयरटेल एकमात्र कंपनी रही जिसके कनेक्शनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। वहीं फिक्स्ड लाइन ग्राहक आधार में वृद्धि जारी रही। निजी दूरसंचार ऑपरेटरों की बाजार हिस्सेदारी इस खंड में बढ़ी है जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल ने अपने ग्राहक गंवाए हैं। ट्राई की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या जनवरी, 2022 के अंत के 116.94 करोड़ से घटकर फरवरी, 2022 के आखिर में 116.60 करोड़ रह गई। यह 0.29 प्रतिशत की गिरावट है। उत्तर प्रदेश पूर्व, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को छोड़कर पूरे देश में दूरसंचार सर्किलों में मोबाइल ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई। फरवरी लगातार तीसरा महीना था जब रिलायंस जियो ने अपने मोबाइल ग्राहक गंवाए हैं। कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 36.6 लाख घटकर 40.27 करोड़ रह गई। वोडाफोन आइडिया (वीआई) के मोबाइल ग्राहकों की संख्या में भी गिरावट आई।

इसने 15.32 लाख मोबाइल ग्राहकों को खो दिया, जबकि बीएसएनएल और एमटीएनएल के क्रमशः 1.11 लाख और 5,097 कनेक्शन कम हुए। भारती एयरटेल ने फरवरी में 15.91 लाख नए ग्राहक जोड़े। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार वायरलाइन ग्राहकों की संख्या जनवरी, 2022 के आखिर के 2.42 करोड़ से बढ़कर फरवरी, 2022 के आखिर में 2.45 करोड़ हो गई। 1.27 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर के साथ वायरलाइन ग्राहक आधार में शुद्ध रूप से 3.1 लाख की वृद्धि हुई।रिलायंस जियो ने वायरलाइन खंड में सबसे अधिक 2.44 लाख नए ग्राहकों को जोड़ा। इसके बाद भारती एयरटेल ने 91,243 ग्राहक जोड़े, फिर वोडाफोन आइडिया ने 24,948, क्वाड्रेंट ने 18,622 और आखिरी में टाटा टेलीसर्विसेज ने 3,772 ग्राहक जोड़े। बीएसएनएल और एमटीएनएल की इस खंड में संयुक्त रूप से 49.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इन कंपनियों ने क्रमशः 49,074 और 21,900 फिक्स्ड लाइन ग्राहक गंवाए। देश में ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या फरवरी में मामूली घटकर 78.33 करोड़ रह गई, जो जनवरी में 78.34 करोड़ थी।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को भी ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं किया। इससे पिछले 14 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपए और डीजल की कीमत 100.94 रुपए पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 रुपए प्रति लीटर और 99.83 रुपए प्रति लीटर है। यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड 1.11 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 108.44 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 103.50 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद पिछले 22 मार्च से बढनी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 27 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपए प्रति लीटर की तेजी आयी है। उल्लेखनीय है कि बुधवार लगातार 14वां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# आरबीआई ने आरसीबी को वरीय शेयरों, ऋण साधनों से धन जुटाने की दी अनुमति




**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्रामीण सहकारी बैंकों (आरसीबी) को अपने परिचालन क्षेत्र के लोगों या मौजूदा शेयरधारकों से विभिन्न उपकरणों के जरिये धन जुटाने की अनुमति दे दी है। आरबीआई ने कहा कि आरसीबी, जिसमें राज्य सहकारी बैंक और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक शामिल हैं, अब वरीय शेयरों और ऋण साधनों से धन जुटा सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि संशोधित बैंकिंग नियमन अधिनियम के दायरे में ग्रामीण सहकारी बैंकों के आने के बाद उनकी समीक्षा की जा रही है। आरबीआई के अनुसार आरसीबी ऋण साधनों के जरिये भी धन जुटा सकते हैं, जिसमें टियर-1 की पूंजी में शामिल करने के लिए पात्र स्थायी ऋण साधन और टियर-2 की पूंजी में शामिल करने के लिए पात्र दीर्घकालिक अधीन बांड की जरुरत होगी।


# भारतपे ने स्मृति हांडा को एचआर प्रमुख नियुक्त किया



**बेंगलूरु (ईएमएस)।** फिनटेक यूनिकॉर्न भारतपे ने रेकिट की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी स्मृति हांडा को नया मुख्य मानव संसाधन अधिकारी नियुक्त किया है। भारतपे ने कहा कि स्मृति कंपनी के संगठनात्मक संस्कृति एवं एचआर प्रथाओं को मजबूती देने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और एमडीआई गुडगांव की पूर्व छात्र हांडा को रेकिट, फिलिप्स और एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में वैश्विक एवं स्थानीय भूमिकाओं में काम करने का अनुभव प्राप्त है। भारतपे ने कहा कि हमारी टीम में स्मृति के शामिल होने के साथ ही हम इस ब्रांड की वृद्धि को अगले स्तर तक ले जाने के लिए खुद को तैयार करेंगे। इस साल के आरंभ में सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के नेतृत्व में भारतपे की खराब कार्य संस्कृति को लेकर खबरें आई थीं। उसके बाद ग्रोवर को कंपनी के प्रबंध निदेशक पद से इस्तीफा देना पड़ा था। एक ऑडिट रिपोर्ट में कथित तौर पर ग्रोवर परिवार द्वारा वित्तीय हेराफेरी करने का भी मामला सामने आया था जो कंपनी की नियुक्तियों से संबंधित तीसरे पक्ष के लेनदेन से जुड़ा मामला था। फिनटेक यूनिकॉर्न भारतपे के पास 40 करोड़ डॉलर का बैंक बैलेंस है और उसका मासिक खर्च करीब 50 लाख डॉलर है। कंपनी ने हाल में कहा था कि फिलहाल रकम जुटाने की कोई योजना नहीं है।

## दैनिक पंचांग

**21 अप्रैल 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2022 वर्ष का 111 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 11.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 21.52 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 10.21 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 11.13 बजे तदनन्तर गर 21.56 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 47'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871225
**जूलियन दिन** 2459690.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** रमजान
**तारीख** 19

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.57 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 08.55 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | कर्क | 11.09 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 13.25 बजे से |
| गुरु | मीन में | कन्या | 15.37 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | तुला | 17.47 बजे से |
| शनि | मकर में | वृश्चिक | 20.02 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 22.18 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 00.23 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | कुंभ | 02.10 बजे से |
| | | मीन | 03.43 बजे से |
| | | मेष | 05.13 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# किआ सॉनेट सीएनजी की भारत में टेस्टिंग शुरू

**-सीएनजी कारों को टक्कर देगी किआ सॉनेट**

**किआ मोटर्स ने हाल ही में अपनी कारों की कीमतों में इजाफा किया है, जिसके बाद से किआ सॉनेट, किआ सेल्टॉस, किआ कार्निवल और किआ कारेन्स जैसी धांसू कारें महंगी हो गई हैं।**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जानी-मानी कंपनी किआ मोटर्स अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी सॉनेट का सीएनजी वेरिएंट लॉन्च करने की तैयारी में है। किआ सॉनेट सीएनजी की भारत में टेस्टिंग शुरू हो गई है और बीते दिनों इसे मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट के आसपास सीएनजी स्टिकर के साथ देखा गया। माना जा रहा है कि किआ मोटर्स इस साल अपनी पहली सीएनजी कार इंडियन मार्केट में पेश कर सकती है, जिसका मुकाबला टाटा, मारुति सजुकी और ह्यूंदै मोटर्स जैसी कंपनियों की सीएनजी कारों के साथ होगा। भारत में आने वाले समय में टाटा पंच सीएनजी, टाटा नेक्सॉन सीएनजी, ह्यूंदै वेन्यू सीएनजी और मारुति ब्रेजा सीएनजी भी लॉन्च हो सकती है। फिलहाल आपको किआ सॉनेट सीएनजी के बारे में बताएं तो इस एसयूवी में सीएनजी किट के साथ ही 1.0 लीटर 3 सिलिंडर टबोर्चार्ज्ड पेट्रोल इंजन देखने को मिल सकता है। रशलेन की रिपोर्ट के मुताबिक, किआ सॉनेट सीएनजी को 6 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ पेश किया जा सकता है। किआ सॉनेट सीएनजी की माइलेज 25 से 30 किलोमीटर प्रति किलोग्राम तक की हो सकती है। वहीं, संभावित कीमत रेगुलर किआ सॉनेट से एक लाख रुपये तक ज्यादा हो सकती है। हालांकि, आने वाले समय में ही किआ सॉनेट लॉन्च डेट के साथ ही माइलेज की सटीक जानकारी मिल सकती है। आपको बता दें कि किआ मोटर्स ने हाल ही में अपनी कारों की कीमतों में इजाफा किया है, जिसके बाद से किआ सॉनेट, किआ सेल्टॉस, किआ कार्निवल और किआ कारेन्स जैसी धांसू कारें महंगी हो गई हैं। कोरियन कंपनी किआ मोटर्स इस साल भारत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार किआ ईवी6 भी लॉन्च कर सकती है, जो कि बेहतरीन लुक-फीचर्स और शानदार रेंज के साथ आएगी। किआ ने खासकर मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में सेल्टॉस के जरिये ह्यूंदै क्रेटा और टाटा हैरियर को चुनौती दी है और एमपीवी सेगमेंट में किआ कारेन्स के जरिये मारुति अर्टिगा को कड़ी चुनौती दे रही है। बता दें कि भारत में सीएनजी कारों की बंपर बिक्री हो रही है और इसकी डिमांड भी खूब है, क्योंकि डीजल और पेट्रोल की कीमतों में तो आग लगी हुई है। अब सीएनजी कार सेगमेंट में नई-नई कंपनियां भी आ रही है।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2078, शाके 1943, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि पंचमी, गुरुवासरे, मूलनक्षत्रे, वलयोगे, तैतिल करणे, धनु की चंद्रमा, मूल समाप्त रात्रि 12/49 सूती स्नान, औषधि सेवन, वधु प्रवेश, वृक्षारोपण, बीजबमन, तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलकारक होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**


**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्दी-हठी, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, प्रिन्सपल, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, नीतनिपुण, कम्प्यूटर इंजीनियर, इलेक्ट्रानिक इंजीनियर, विद्युत इंजीनियर तथा बड़ा अधिकारी होगा।**

**मेष राशि :- तनाव, रोग, उदर विकार, लाभ, राजभय, पारिवारिक समस्या उलझी रहेंगी।**
**वृष राशि - शत्रुभय, सुख, मंगल कार्य, विरोध, मामले-मुकदमे में जीत की सम्भावना रहेगी।**
**मिथुन राशि :- कुसंगत से हानि, विरोध, व्यय, यात्रा व सामाजिक कार्यों में सावधानी रखें।**
**कर्क राशि - पराक्रम, कार्यसिद्ध, व्यापार लाभ, सामान्य लाभ हो सकता है, कार्य बनेंगे।**
**सिंह राशि - तनाव, प्रवास से बचें, विरोध, चिन्ता, राजकार्य में प्रतिष्ठा मिल सकती है।**
**कन्या राशि - भूमि लाभ, स्त्री सुख, हर्ष, प्रगति, स्थिति में सुधार, लाभ की गति बढ़ेगी।**
**तुला राशि - प्रगति, वाहन भय, भूमि लाभ, कलह, कुछ अच्छे कार्य भी होंगे, लाभ होगा।**
**वृश्चिक राशि - कार्य सिद्ध, विरोध, लाभ, कष्ट, हर्ष, व्यय होगा, व्यापार में सुधार, कार्य होगा।**
**धनु राशि - यात्रा में हानि, मातृ-पितृ कष्ट, व्यय, उन्नति में कुछ कमी, व्यवस्था की अनुभूति।**
**मकर राशि - शुभ कार्य, वाहनादि रोगभय, धार्मिक कार्य, कुछ अच्छे कार्य हो सकते हैं, ध्यान रखें।**
**कुंभ राशि - अभिष्ट सिद्धी, राजभय, कार्य बाधा, सामाजिक कार्यों से लाभ होगा।**
**मीन राशि - अल्प हानि, रोगभय, सम्पत्ति लाभ, राजकार्य में विलम्ब, परेशानी होगी।**

DELHI CRIME 21 apr 2022:Layout 1 4/20/2022 7:40 AM Page 6



# कोहली को क्रिकेट से ब्रेक लेने की जरूरत : रवि शास्त्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मानसिक रूप से काफी दबाव में हैं और उन्हें अभी क्रिकेट से ब्रेक लेने की जरूरत है ताकि वह कम से कम छह-सात साल और भारतीय टीम के लिए खेल सकें। आईपीएल 2022 में कोहली अब तक सात मैचों में 19.83 की औसत से केवल 119 रन ही बना पाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 48 है। 33 वर्षीय कोहली बिना शतक लगाए 100 मैच खेल चुके हैं। कोहली 17 टेस्ट, 21 एकदिवसीय, 25 टी-2 अंतरराष्ट्रीय और 37 आईपीएल मैचों में एक भी शतक नहीं लगा पाए हैं। शास्त्री को लगता है कि कोहली को कोविड-19 प्रतिबंधों के बीच देखभाल और सहानुभूति के साथ संभालने की जरूरत है, जिसने खिलाड़ियों को बायो-बुलबुलों के अंदर सीमित कर दिया है। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "मैं यहां सीधे मुख्य खिलाड़ी के पास जा रहा हूं। विराट कोहली काफी दबाव में आ गए हैं। अगर किसी को ब्रेक की जरूरत है, तो वह कोहली हैं।" शास्त्री ने आगे कहा, "कोहली को 2 महीने,या डेढ़ महीने, चाहे वह इंग्लैंड दौरे के बाद हो या इंग्लैंड दौरे से पहले, एक ब्रेक की जरूरत है क्योंकि उसके पास 6-7 साल का क्रिकेट बचा है और हम उसे खोना नहीं चाहते हैं।" बता दें कि कोहली 23,650 रनों के साथ क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक रन (संयुक्त, टेस्ट, वनडे, टी20) बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। सचिन तेंदुलकर सभी प्रारूपों में 34,357 संयुक्त रनों के साथ सूची में सबसे आगे हैं।

# उम्मीद है आईपीएल 2022 में जल्द ही शतक लगाऊंगा : फाफ डु प्लेसिस



**नवी मुंबई, (हि.स.)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 96 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि उम्मीद है कि वह जल्द ही आईपीएल 2022 में शतक लगाएंगे। डु प्लेसिस की 96 रनों की पारी और जोश हेजलवुड की चार विकेट की बदौलत आरसीबी ने यहां डॉ डी वाई पाटिल स्टेडियम में एलएसजी को 18 रनों से हराया। मैच के बाद डु प्लेसिस ने कहा, "इस मैदान की प्रकृति ऐसी है कि आप बहुत अधिक दौड़कर सिंगल और डबल लेते हैं और अंत में, यह थका देने वाला होता है। मैं 96 रनों तक पहुंचा था और थोड़ा थक गया था, उम्मीद है जल्द ही शतक लगाऊंगा।" उन्होंने कहा, "मैं थक गया था, लेकिन अभी भी उम्मीद कर रहा था कि मैं अंत में कुछ हिट कर सकता हूं। पारी की शुरूआत में, गेंदबाजों के लिए मदद मिली और उन्होंने हमें परेशानी में डाल दिया लेकिन हमें एक रास्ता मिल गया। हमारे गेंदबाज फिर योजनाओं पर टिके रहे और जब आप इस तरह के मैदान पर ऐसा करते हैं तो यह बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होता है। हमें पारी को स्थिर करने और फिर तेज बल्लेबाजी करने के लिए किसी की जरूरत थी। आज, आभारी हूं कि मैं ऐसा कर सका।"" इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका के बारे में बात करते हुए, दक्षिण अफ्रीकी ने कहाः "इस समय, शीर्ष पर बहुत सारी टीमें हैं, और कई मध्य में हैं, और जब ऐसा होता है, तो यह हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हमें बस अपनी ताकत पर काम करने की जरूरत है और हम वास्तव में कुछ चीजों में बेहतर हो सकते हैं।" बता दें कि इस मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 96 और शाहबाज अहमद के 26 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। इन दोनों के अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने भी 23 रनों की छोटी लेकिन तेज पारी खेली। लखनऊ की तरफ से जेसन होल्डर ने और दुष्मंता चमीरा ने 2-2 व क्रुणाल पांड्या ने 1 विकेट लिया। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट पर 163 रन ही बना सकी। लखनऊ की तरफ से क्रुणाल पांड्या ने 42, कप्तान केएल राहुल ने 30 और मार्कस स्टॉयनिस ने 24 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, हर्षल पटेल ने 2 और मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने 1-1 विकेट लिया।

# केएल राहुल पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना



**दुबई, (हि.स.)।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राहुल ने आईपीएल आचार संहिता के स्तर 1 के अपराध और सजा को स्वीकार कर लिया है। उनके अलावा, लखनऊ के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को भी आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। उन्होंने भी आईपीएल आचार संहिता के लेवल 1 के अपराध और सजा को स्वीकार कर लिया है। आधिकारिक बयान में कहा गया, "आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।" मैच की बात करें तो इस मुकाबले में डु प्लेसिस की 96 रनों की पारी और जोश हेजलवुड की चार विकेट की बदौलत आरसीबी ने यहां डॉ डी वाई पाटिल स्टेडियम में एलएसजी को 18 रनों से हराया। लखनऊ की टीम रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने अगले आईपीएल 2022 मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना करेगी।

# फर्स्ट क्लास में रिकार्ड बनाने वाले सकीबुल पर मेहरबान हुआ आप्रावासी भारतीय उद्योगपति

**-कंपनी का ब्रांड एम्बेसडर बनाया**



पटना (ईएमएस)। बिहार के युवा क्रिकेटर सकिबुल गनी को फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले ही मैच में विश्व रिकॉर्ड बनाने का लाभ मिला है। उन्हें एक आप्रावासी भारतीय उद्योगपति राकेश पांडेय ने अपनी ब्रावो फॉर्मा में बनने वाली दवा का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सकिबुल फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले ही मैच में तिराश शतक 341 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर हैं। उन्होंने यह रिकॉर्ड गत फरवरी में मिजोरम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के मैच में बनाया था। इसी को देखते हुए प्रवासी भारतीय उद्योगपति राकेश सकीबुल के घर पहुंचे और उनके पूरे परिवार को सम्मानित करने के साथ ही एक करार भी किया। उन्होंने सकीबुल को देश में लांच होने वाली प्रतिष्ठित कम्पनी ब्रावो फार्मा की दवा का ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की है। पूर्वी चम्पारण के सकीबुल गनी व उनके परिवार से उद्योगपति राकेश ने मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान ब्रावो फॉर्मा के चेयरमैन ने घोषणा की कि सकीबुल उनकी दवा कम्पनी ब्राबो फार्मा के ब्रांड एम्बेसडर होंगे। साथ ही कहा कि मोतिहारी के खिलाडियों के लिए एक फास्ट पिच का निर्माण कराया जाएगा। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) से लौटने के बाद सकीबुल और ब्रावो फॉर्मा में करार की प्रकिया पूरी होगी। ब्रावो फार्मा के चेयरमैन ने गांधी मैदान में एक टर्फ विकेट बनाने और एक गेंदबाजी मशीन की स्थापना की भी घोषणा की है जिससे सकीबुल को निरन्तर अभ्यास में परेशानी न हो। साथ ही युवा क्रिकेटरों को बॉलिंग मशीन से टर्फ विकेट पर अभ्यास का मौका मिल सके। सकीबुल को ब्रांड एंबेसडर बनाने को लेकर राकेश ने कहा कि हम चाहें तो किसी बड़े सेलिब्रिटी को भी ब्रांड एंबेसडर बना सकते थे पर जब जिला व अपने गांव में विश्व रिकार्डधारी युवा हो, तो उसे प्रोमोट करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सकीबुल ने इसपर कृतज्ञता प्रकट की और कहा कि हमें और चम्पारण के युवा क्रिकेटरों को इससे काफी लाभ होगा। सकिबुल एक सामान्य किसान परिवार से आते हैं।

# सबसे तेज 6000 टी 20 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने राहुल, कोहली को छोड़ा पीछे



**नवी मुंबई, (हि.स.)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल सबसे तेज 6000 टी 20 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने इस मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ा है। राहुल ने यह उपलब्धि मंगलवार को यहां नवी मुंबई के डॉ डीवाई पाटिल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले के दौरान हासिल की। वह कोहली के 184 पारियों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 138.18 की स्ट्राइक रेट से 179 पारियों में 6000 रनों के आंकड़े को छुआ। राहुल अब ऑल टाइम लिस्ट में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल (162 पारियों) और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (165) से पीछे हैं। इसके अलावा राहुल आईपीएल 2022 के उन दो बल्लेबाजों में से एक हैं, जो शतक लगाने में कामयाब रहे हैं। राहुल से पहले राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर आईपीएल 2022 में दो शतक लगा चुके हैं। मैच की बात करें तो फाफ डु प्लेसिस की 96 रनों की पारी और जोश हेजलवुड की चार विकेट की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने यहां डॉ डी वाई पाटिल स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स को 18 रनों से हराया। लखनऊ की टीम रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने अगले आईपीएल 2022 मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना करेगी।

# ग्लूस्टरशायर के पहले अश्वेत अध्यक्ष बने डेविड लॉरेंस



**लंदन, (हि.स.)।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड लॉरेंस को ग्लूस्टरशायर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लॉरेंस 152 साल के इतिहास में ग्लूस्टरशायर के पहले अश्वेत अध्यक्ष हैं। लॉरेंस, जिनका इंग्लैंड क्रिकेट में करियर 1992 में घुटने की चोट के कारण छोटा रहा था, ने 1981 और 1997 के बीच ग्लूस्टरशायर के लिए 280 मैचों में 625 विकेट लिए हैं। लॉरेंस ने एक बयान में कहा, "मैं स्थानीय निवासी हूं, ग्लूसेस्टर में ही पैदा हुआ था और मैं 16 साल की उम्र में ब्रिस्टल आया था, इसलिए अध्यक्ष के रूप में वापस आना मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है। यह आपको दिखाता है कि हम एक क्लब के रूप में कितनी दूर आ गए हैं। यह दिखाता है कि खेल कहां जा रहा है और इसे और आगे ले जाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, "पिछले छह महीनों में क्रिकेट में बहुत कुछ हुआ है, और हम जानते हैं कि हमें खेल के भीतर और अधिक करने की जरूरत है। मैं खुश हूं कि हम सही दिशा में जा रहे हैं। यह अधिक विविधता का समय है और मुझे पता है कि मैं ग्लूस्टरशायर का पहला अश्वेत अध्यक्ष बनने जा रहा हूं और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।" पूर्व तेज गेंदबाज ने ग्लूस्टरशायर के अध्यक्ष के रूप में दो साल के कार्यकाल पर रोजर गिबन्स की जगह ली है।

# आरसीबी के खिलाफ मिली हार पर राहुल ने जताई निराशा, कहा- हम बेहतर कर सकते थे



**नवी मुंबई, (हि.स.)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी टीम और बेहतर कर सकती थी। आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस की 96 रनों की पारी और जोश हेजलवुड की चार विकेट की बदौलत आरसीबी ने यहां डॉ डी वाई पाटिल स्टेडियम में एलएसजी को 18 रनों से हराया। मैच के बाद राहुल ने कहा, "मुझे लगता है कि हमने वास्तव में अच्छी शुरूआत की, पहले ओवर में 2 विकेट लेने और फिर पावरप्ले में 50 रन देने के बाद, हम बेहतर कर सकते थे। इस पिच पर हमने 15-20 अतिरिक्त रन दिए। लक्ष्य का पीछा करते वक्त शीर्ष तीन बल्लेबाजों में से एक को अंत तक रूकने की जरूरत थी, दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर सके। हमारे पास वास्तव में एक अच्छी टीम है, हम जिस तरह से खेल रहे हैं, उससे बहुत खुश हूं, हां कुछ मैचों में हम बेहतर कर सकते थे।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हमने राजस्थान के खिलाफ अच्छी शुरूआत की और यहां आरसीबी को भी हमने दबाव में रखा लेकिन हम अधिक समय तक टिके नहीं रह सके। सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हर कोई अच्छी फॉर्म में दिख रहा है और सभी ने हमारे लिए स्कोर किया। महत्वपूर्ण है कि एक या दो खिलाड़ी जिनका दिन अच्छा हो, उन्हें टीम को और खुद को आगे बढ़ाने की जरूरत है।" बता दें कि इस मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 96 और शाहबाज अहमद के 26 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। इन दोनों के अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने भी 23 रनों की छोटी लेकिन तेज पारी खेली। लखनऊ की तरफ से जेसन होल्डर ने और दुष्मंता चमीरा ने 2-2 व क्रुणाल पांड्या ने 1 विकेट लिया। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट पर 163 रन ही बना सकी। लखनऊ की तरफ से क्रुणाल पांड्या ने 42, कप्तान केएल राहुल ने 30 और मार्कस स्टॉयनिस ने 24 रन बनाए। आरसीबी की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, हर्षल पटेल ने 2 और मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने 1-1 विकेट लिया।

# विराट कोहली ने प्रशंसकों का बढ़ाया इंतजार, 100 मैचों से नहीं आया एक भी शतक



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2022 मैच में भी उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दुष्मंथा चमीरा के पहले ओवर की आखिरी और अपनी पहली ही गेंद पर दीपक हुड्डा को कैच देकर चलते बने। क्रिकेट सांख्यिकीविद् मजहर अरशद के अनुसार, कोहली बिना शतक लगाए 100 मैच खेल चुके हैं। कोहली 17 टेस्ट, 21 एकदिवसीय, 25 टी-2 अंतरराष्ट्रीय और 37 आईपीएल मैचों से एक भी शतक नहीं लगा पाए हैं। आईपीएल 2022 में अब तक के सात मैचों में कोहली 19.83 की औसत से केवल 119 रन ही बना पाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 48 है। कोहली आईपीएल इतिहास में अब तक 214 मैचों में 6402 के साथ पांच शतक और 42 अर्द्धशतक के साथ शीर्ष स्कोरर हैं। वह 23,650 रनों के साथ क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक रन (संयुक्त, टेस्ट, वनडे, टी20) बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। सचिन तेंदुलकर सभी प्रारूपों में 34,357 संयुक्त रनों के साथ सूची में सबसे आगे हैं। कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में टेस्ट कप्तानी छोड़ दी और उनकी जगह सभी प्रारूपों में रोहित शर्मा को कप्तान बना दिया गया।

# आईपीएल इतिहास के चौथे गेंदबाज बने दुष्मंथा चमीरा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में विराट कोहली को गोल्डन डक पर आउट करने वाले चौथे गेंदबाज बन गए हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए चमीरा ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ के आईपीएल 2022 के 31वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। मैच के पहले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर चमीरा ने सलामी बल्लेबाज अनुज रावत को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा और अगली ही गेंद पर कोहली को दीपक हुड्डा के हाथों कैच आउट कराया। कोहली को 2008 में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए आशीष नेहरा ने पहली बार गोल्डन डक पर आउट किया था। इसके बाद 2014 में संदीप शर्मा और 2017 में नाथन कूल्टर-नाइल ने कोहली को गोल्डन डक पर पवेलियन भेजा और अब 2022 में 5 साल बाद कोहली पहली गेंद पर आउट हुए। कोहली इस सीजन में आउट ऑफ टच रहे हैं, उनका उच्चतम स्कोर मुंबई के खिलाफ 48 रनों का रहा है। इसके बाद उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ सीजन के पहले मैच में नाबाद 41 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने अन्य मैचों में 12,5,1,और 12 के स्कोर दर्ज किए हैं।

# रुतुराज को फार्म में आते देखकर खुशी हुई : जाफर



**मुंबई (ईएमएस)।** पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म में वापसी पर खुशी व्यक्त की है। जाफर ने कहा कि अपनी बल्लेबाजी के लिए समय निकालने और खेल के हालातों का सम्मान करने के कारण ही रुतुराज फॉर्म में वापस आये हैं। रुतुराज ने पिछले साल सीएसके की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाकर औरेंज कैप हासिल की थी। वहीं इस सत्र के शुरूआती मैचों में यह युवा बल्लेबाज रन नहीं बना पा रहा था पर अब उसने अपनी लय हासिल कर ली है। एमसीए स्टेडियम में पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गायकवाड़ ने 48 गेंदों में 73 रनों की पारी खेली और वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हालांकि सीएसके मैच की अंतिम गेंद पर तीन विकेट से हारकर मुकबले से बाहर हो गयी। जाफर ने कहा कि मुझे लगता है कि रुतुराज ने जमने में अपना समय लिया। उसने शुरूआत में सावधानी से बल्लेबाजी की ओर जो पहला बड़ा शॉट खेला वह चौथे ओवर में आया। उन्होंने अपना समय लिया, हालातों को देखकर बल्लेबाजी की। जैसे ही माहौल उनके अनुरुप हुआ , उसने रन बनाने शुरू कर दिये। यही इस क्रिकेटर का अंदाज रहा है।



मंगोलिया में जापान के साकूराबा कोडाई जापान के स्थानीय पहलवान सुलडाकोउ से मुकाबला करते हुए। (फोटो-ईएमएस)

# बार्टी अब अंतरराष्ट्रीय गोल्फ मुकाबले खेलती नजर आयेंगी



**ब्रिसबेन (ईएमएस)।** हाल ही में टेनिस से संन्यास लेने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिला स्टार खिलाड़ी एश्ले बार्टी अब गोल्फ खेलती हुई नजर आयेंगी। बार्टी ने कहा है कि अब वह अंतरराष्ट्रीय गोल्फ मुकाबले खेलेंगी। बार्टी को न्यूजर्सी में लिबर्टी नेशनल गोल्फ क्लब पर आइकंस सीरिज टूर्नामेंट में अर्नी एल्स रेस्ट आफ वर्ल्ड टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 30 जून और एक जुलाई को खेला जाएगा। बार्टी ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए अचानक ही खेल से संन्यास लेकर सबको हैरान कर दिया था। बार्टी ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन जीता जबकि पिछले साल विम्बलडन और 2019 में फ्रेंच ओपन जीता था। बार्टी ने कहा था कि अब वह थक गयी हैं और नये खिलाड़ियों को अवसर देना चाहती है।

# विश्व कप में नीदरलैंड के कोच बने रहना चाहते हैं गाल



**हेग (ईएमएस)।** नीदरलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच लुई वैन गाल प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित होने के बाद भी नवंबर में कतर में होने वाले विश्व कप के लिए टीम के कोच बने रहना चाहते हैं। गाल ने एक कार्यक्रम में कहा कि मैंने खिलाड़ियों तक को यह नहीं बताया था कि मुझे इस प्रकार की गंभीर बीमारी है। साथ ही कहा कि चार अभ्यास शिविरों के दौरान मैंने रात के समय इलाज कराया। उन्होंने कहा, ह्यआप जिन लोगों के साथ काम कर रहे हों उन्हें इस तरह की बीमारी के बारे में नहीं बता सकते क्योंकि इससे उनकी पसंद, उनकी ऊर्जा भी प्रभावित होने की आशंका रहती है , इसलिए मैंने खिलाड़ियों के सामने बिमारी की बात कभी जाहिर नहीं होने दी।' कोच ने कहा कि उन्होंने अभी तक 25 रेडिएशन थेरेपी करायी हैं। सा ही कहा, मैं हर समय शाम को या रात को अस्पताल जाता हूं और खिलाड़ियों को इसका पता नहीं लगने देता हूं।' कोच के इस जज्बे की खिलाड़ियों ने तारीफ की है।

DELHI CRIME 21 apr 2022:Layout 1 4/20/2022 7:40 AM Page 7



# इस बार वर्चुअल होगा पांच देशों के संगठन ब्रिक्स का सम्मेलन, बीजिंग नहीं जाएंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे 5 देशों के संगठन ब्रिक्स की अगली बैठक वर्चुअल होगी। इस बार बैठक की अध्यक्षता चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग करने वाले हैं। यह बैठक जून के आखिर में हो सकती है। ऑनलाइन मीटिंग होने की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक में शामिल होने के लिए चीन नहीं जाएंगे। हाल ही में चीन के विदेश मंत्री ने दिल्ली आकर भारत को मनाने की कोशिश की थी कि पीएम मोदी बीजिंग जाकर इस बैठक में शामिल हों। भारत ने साफ कह दिया था कि वह सीमा विवाद को दरकिनार करके चीन के साथ सामान्य संबंध बहाल करने पर आगे नहीं बढ़ सकता। ब्रिक्स समिट के ऑनलाइन होने को रूस-यूक्रेन युद्ध से भी जोड़कर देखा जा रहा है। भारत ने लद्दाख सीमा पर चीन की हरकत के बाद से ही बेहद कड़ा रवैया अख्तियार कर रखा है। 2017 में डोकलाम में भारत के कई इलाकों पर चीनी सेना के कब्जे और जून 2020 में गलवान में सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद भारत ने चीन से संबंधों को सीमित कर रखा है। इस विवाद के सिर उठाने के बाद पहली बार चीन के विदेश मंत्री वांग यी 25 मार्च को दिल्ली आए थे। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के दौरान उन्होंने संबंध बहाली पर जोर दिया था। चीनी विदेश मंत्री ने ब्रिक्स सम्मेलन में पीएम मोदी के चीन जाकर शामिल होने के लिए भारत को मनाने की भरपूर कोशिश की थी, लेकिन जयशंकर ने साफ कर दिया था कि भारत सीमा विवाद को नजरअंदाज नहीं कर सकता। पहले चीन लद्दाख से अपनी फौज हटाए, उसके बाद संबंध बहाली पर विचार किया जाएगा। इस दौरान चीनी विदेश मंत्री ने पीएम मोदी से मुलाकात की भी कोशिश की थी, लेकिन भारत ने समय नहीं दिया था।

सूत्रों के अनुसार ब्रिक्स समिट के लिए 23-24 जून की तारीख सुझाई गई है, हालांकि अभी यह तिथि फाइनल नहीं हुई है। पिछले साल भी ब्रिक्स समिट ऑनलाइन हुई थी। तब भारत ने इसकी अगुआई की थी। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर विवाद गहराने के बाद यह पहला मौका है, जब चीन ब्रिक्स सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा। ब्रिक्स समिट के लिए चीन जाने से इनकार करने के अलावा भारत ड्रैगन देश को साफ संदेश देने के लिए एक और कदम उठा रहा है। ब्रिक्स समिट से पहले पीएम मोदी क्वाड सम्मेलन में शामिल होने के लिए 24 मई को जापान जाएंगे। ब्रिक्स समिट के वर्चुअल होने की एक और वजह देखी जा रही है। ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों पर तगड़ा दबाब बनाया जा रहा है कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ कम से कम संपर्क रखें। ब्रिक्स का सम्मेलन अगर चीन में प्रत्यक्ष रूप से होता और पीएम मोदी वहां जाते हैं, तो पुतिन के साथ उनकी और चीनी राष्ट्रपति समेत ब्राजील व दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रप्रमुखों की सीधी मुलाकात होती। अमेरिका जैसे पश्चिमी देश यह नहीं चाहते। उन्हें डर है कि पुतिन अपने खिलाफ लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की धार कमजोर करने के लिए इस बैठक का फायदा उठा सकते हैं। अब ब्रिक्स समिट के वर्चुअल होने से ये आशंका कम हो गई है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन पहली बार ऐसी किसी बैठक में शामिल होने वाले हैं।

# न्यूटाउन में सिलिकॉन वैली को लेकर दिलीप घोष ने किया कटाक्ष




**कोलकाता, (हि.स.)।** राज्य सरकार का अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक सम्मेलन आज यानी बुधवार से न्यू टाउन के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में शुरू हो रहा है। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष न्यूटाउन की प्रस्तावित सिलिकॉन वैली के लिए निर्धारित भूमि का दौरा किया। भाजपा नेता ने सिलिकॉन वैली में खाली पड़ी जमीनों की तस्वीरें भी लीं। उन्होंने ममता बनर्जी की तस्वीरों के साथ विशाल होर्डिंग्स की भी तस्वीरें लीं। दिलीप घोष ने विश्व बंगाल व्यापार सम्मेलन की पूर्व संध्या पर सिलिकॉन वैली प्रोजेक्ट को लेकर राज्य सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि धूमधाम से विश्व बंगाल व्यापार सम्मेलन न्यू टाउन में आयोजित किया जा रहा है। हालांकि राज्य सरकार ने सिलिकॉन वैली को लेकर इतना जो प्रचार किया है, वहां अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है। दिलीप ने कहा कि दो या तीन साल पहले, राजारहाट में सिलिकॉन वैली मुख्यमंत्री के होर्डिंग्स से घिरी हुई थी। अभी भी कुछ होर्डिंग्स हैं लेकिन, लोगों का पता नहीं। अब होगला के जंगल में गाय-बकरी घूम रहे है। वहां लोग प्रवेश नहीं कर पाएंगे। सिलिकॉन वैली परियोजना क्षेत्र में एक भी कुदाल मिट्टी नहीं काटी गई है। दिलीप ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य की जनता के साथ विश्वासघात किया है। व्यापार सम्मेलन साल दर साल हो रहा है और इसके साथ ही करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं लेकिन, जिस आम आदमी के टैक्स का पैसा खर्च हो रहा है, उन्हें कुछ नहीं मिला है। उन्होंने सवाल किया कि पांच व्यापार सम्मेलनों का क्या लाभ है? इसकी लागत कितनी आई? वास्तव में कितना पैसा निवेश किया गया है? उन्होंने विश्व बंगाल व्यापार सम्मेलन को नाटक कह कर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि इस नाटक को बंद किया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। इसलिए उन्हें नहीं लगता कि कोई उद्योगपति उनके राज्य में निवेश करेगा। आज सिलिकॉन वैली में अपने आने की असली वजह के बारे में दिलीप घोष ने कहा कि मेरे यहां आने की वजह यह है कि यह देखना की पहले जो वादा किया गया था, उसमें से कितना पूरा हुआ? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो वादा किया था उसे निभाना चाहिए। उन्होंने ममता बनर्जी पर अपनी चालाक राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल उद्योग पर छल करने का आरोप लगाया है।

# पंजाब के हिस्से का पानी दूसरे राज्य को नहीं देंगे : हरपाल चीमा



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** एसवाईएल के मुद्दे पर पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी अलग-थलग पड़ गई है। राज्यसभा सदस्य एवं आप के हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता द्वारा एस-वाईएल का पानी हरियाणा को दिए जाने के बयान पर आज पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने वीडियो संदेश जारी कर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि पंजाब के हिस्से का पानी किसी भी राज्य को नहीं दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आप सांसद सुशील ने कुरुक्षेत्र में एक कार्यक्रम में कहा था कि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दिलाने के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। इस बयान से पार्टी पंजाब में बुरी तरह घिर गई। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज कह चुके हैं कि पानी के मसले पर पंजाब के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। चीमा ने कहा कि जो लोग आज आम आदमी पार्टी की सरकार से सवाल पूछ रहे हैं, वह बताएं कि कितनी बार केंद्र व राज्यों में उनकी सरकारें रहीं और उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए क्या किया। चीमा ने कहा पंजाब के पानी पर किसी का अधिकार नहीं है। आम आदमी पार्टी इसके लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है।

# संवैधानिक मूल्यों का विध्वंस कर रही है भाजपा : राहुल गांधी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संवैधानिक मूल्यों का विध्वंस कर रही है। यह सरकार अल्पसंख्यकों और गरीबों पर अत्याचार कर रही है। राहुल ने बुधवार को दिल्ली के जहांगीरपुरी में निगम के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध करते हुए उसे असंवैधानिक करार दिया। कांग्रेस सांसद राहुल ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा गरीबों और अल्पसंख्यकों पर अन्याय कर रही है। राहुल ने कहा कि भाजपा को नफरत की भावना से कोई काम नहीं करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हनुमान जयंती के अवसर पर शोभायात्रा पर पथराव होने के बाद सुर्खियों में आए जहांगीरपुरी में नगर निगम की टीम ने आज अवैध कब्जों पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई की आप, कांग्रेस और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा सहित दूसरे विपक्षी दलों ने विरोध किया है।

# वियतनाम-भारत के बीच हवाई सेवा फिर बहाल, नए रूट भी खुले

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला और नेशनल असेंबली अध्यक्ष हुए ने किया शुभारंभ



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की वियतनाम यात्रा ने दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं को नए आयाम दिए हैं। कोरोना महामारी के बाद से दोनों देशों के बीच स्थगित सीधी हवाई सेवाओं को स्पीकर बिरला और वियतनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष हुए ने न सिर्फ बहाल किया बल्कि नए मार्गों पर हवाई सेवाओं का शुभारंभ भी किया। कोरोना महामारी से पहले वियतनाम की एयरलाइंस वियतजेट, हनोई और हो चिन मिन्ह सिटी से नई दिल्ली के लिए नियमित उड़ानों का संचालन कर रही थी। इसके अलावा बौद्ध आध्यात्मिक केंद्र बोधगया के लिए भी चार्टर्ड उड़ानों का संचालन किया जा रहा था। लेकिन महामारी आने के बाद से यह सेवाएं स्थगित थी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला की यात्रा के दौरान को इन उड़ानों को फिर से बहाल किया गया है। हो ची मिन्ह सिटी तथा हनोई और नई दिल्ली के बीच दो मौजूदा सेवाएं 29 अप्रैल और 30 अप्रैल को फिर से शुरू होंगी। इसके अलावा चार नए मार्ग हनोई-मुंबई, हो ची मिन्ह सिटी-मुंबई और फु-क्वोक के दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप को नई दिल्ली और मुंबई से जोड़ेंगे। वियतजेट एयर 2 जून से एचसीएम सिटी-मुंबई मार्ग पर प्रत्येक सप्ताह चार राउंड-ट्रिप उड़ानें संचालित करेगी और 3 जून से हनोई-मुंबई मार्ग पर तीन साप्ताहिक राउंड-ट्रिप उड़ानें संचालित करेगी। इसी तरह फु क्वोक-मुंबई मार्ग पर प्रत्येक सप्ताह चार राउंड-ट्रिप उड़ानें उपलब्ध होंगी और फु क्वोक-नई दिल्ली मार्ग तीन उड़ानें 8 और 9 सितंबर से उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर स्पीकर बिरला ने कहा कि वियतनाम और भारत के बीच नई और बढ़ी हुई कनेक्टिविटी दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन के अवसर उत्पन्न करेगी, जिससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा।

**गैलेक्सी डिजिटल और टेक महिंद्र के बीच एमओयू -** लोकसभा अध्यक्ष बिरला और एनए के अध्यक्ष हुए की उपस्थिति में वियतनाम की गैलेक्सी डिजिटल होल्डिंग्स, सोविको समूह और भारत के टेक महिंद्रा लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम बनाने के समझौते के लिए दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी हुआ। इस समझौते के टेक महिंद्र और गैलेक्सी डिजिटल वियतनाम में एक वैश्विक सॉफ्टवेयर विकास केंद्र स्थापित करने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा डेटा एक्सचेंज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) सेवाएं, अनुसंधान और नवाचार केंद्रों और आईटी प्रशिक्षण केंद्रों पर भी काम होगा।

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते बदला दिल्ली का मौसम, छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** उत्तर भारत में पिछले कई दिनों से जारी तेज गर्मी के बीच लोगों को बुधवार को मामूली राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव के प्रभाव के कारण राजधानी दिल्ली में बुधवार को मौसम में मामूली बदलाव दर्ज किया गया। दिल्ली और आसपास, असम, मेघालय और अन्य पूर्वी राज्यों में बुधवार और गुरुवार को बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसके अलावा, गुरुवार 21 अप्रैल का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। दोनों दिन हल्की बारिश हो सकती है। गुजरात में भी बारिश होने के आसार हैं। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहेगा। एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव दिल्ली के मौसम पर बुधवार से दिखने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, लेकिन शाम के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। रात के समय 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार वाली हवा के साथ दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में बूंदाबांदी हो सकती है। इसके चलते लोगों को लू की तपिश से राहत मिलेगी।

# गुजरात में भी योगी के सुशासन की गूंज, भूपेंद्र पटेल ने की तारीफ

**लखनऊ, (हि.स.)।** सुशासन और उत्तर प्रदेश को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। इस संबंध में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी उनकी जमकर तारीफ की। पटेल ने कहा कि योगी ने उत्तर प्रदेश के परिदृश्य को बदलने में अतुलनीय सफलता हासिल की है। योगी सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री ने पत्रकार तथा लेखक शांतनु गुप्ता को लिखे अपने पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री योगी द्वारा राज्य में निवेश के क्षेत्र में तथा आर्थिक रूप से राज्य के आगे ले जाने दिशा में उनके प्रयासों को लेखन ने जीवनी में बखूबी दशार्या है। योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता के कारण वैश्विक पटल पर उत्तर प्रदेश की एक नयी तस्वीर उभर कर आ रही है। दरअसल गुजरात के मुख्यमंत्री उस बहुचर्चित पुस्तक का उल्लेख कर रहे जिसमें लेखक ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व का वर्णन किया है। भूपेंद्र पटेल ने पत्र में लिखा कि ह्यद मॉन्क हू ट्रांसफॉर्म्ड उत्तर प्रदेश' में कैसे योगी आदित्यनाथ ने 'यूपी वाला भैया' के अपमान को एक बैज में बदल दिया कि आपकी जानकारीपूर्ण रचना को प्राप्त करने के लिए आभारी हूं। पुस्तक में योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद स्थिति को समझने का एक स्पष्ट प्रयास किया गया है। भूपेंद्र पटेल ने अपने पत्र में आगे कहा कि योगी आदित्यनाथ की उल्लेखनीय सफलता, जिसमें राज्य को उनके द्वारा किस तरह जीएसडीपी में दूसरे स्थान पर, ह्यइज ऑफ डूइंग बिजनसह्ल में नंबर दो के स्थान और केंद्र सरकार की 45 योजनाओं में नंबर एक पर पहुंचाने में सफलता हासिल की। उन्होंने लिखा कि ह्यकभी ह्यबीमारूह्ल का पर्याय माने जाने वाले राज्य की उपलब्धियों की मैं सराहना करता हूं।" इसके साथ ही गुजरात में पात्र लाभार्थियों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के जीवनी लेखक शांतनु गुप्ता ने अपनी पुस्तक में सीएम के नेतृत्व में यूपी में हुए परिवर्तन के बारे में लिखा है।


## हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी**

**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**कला सहयोगी-मोहित शुक्ला, रजनीश**

## सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
• सतीश कुमार जट्टपुरा (करनाल)

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**



समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**



**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

**83750 00628**



## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-

Visiting Card Size Advertisements:

Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-

Inner Page Rs.3000/-


# दिशा के बिकिनी लुक ने बढ़ाई फेंस की धड़कन

**-बिकिनी में दिशा का लुक और पोज है बेहद अट्रैक्टिव**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की धडकन एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपनी बिकिनी फोटोज से फैंस की धड़कनों को तेज कर दिया है। दिशा पाटनी अपनी लेटेस्ट पोस्ट में बिकिनी लुक में नजर आ रही हैं। बिकिनी में दिशा का लुक और पोज बेहद अट्रैक्टिव है। फैंस एक्ट्रेस के स्टनिंग अंदाज पर फिदा हो रहे हैं। फोटो में दिशा अपने बालों को पीछे की ओर पकड़े हुए सूरज की किरणों का लुत्फ उठाती हुई देखी जा सकती हैं। नो मेकअप लुक में दिशा का अंदाज और पोज इतना किलर है कि हर कोई उनपर फिदा हो सकता है। दिशा यूं तो अक्सर ही बिकिनी में अपनी सुपर स्टनिंग फोटोज फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। लेकिन इस नई तस्वीर में दिशा का लुक इतना बोल्ड है कि वो अपने अंदाज से कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस की तस्वीर को लाखों लोग लाइक कर चुके हैं। फैंस कमेंट सेक्शन में हार्ट और फायर इमोजी के साथ अपने रिएक्शन दे रहे हैं। दिशा के इस लुक ने फैंस को वाकई मदहोश कर दिया है। दिशा फैंस के बीच काफी पॉपुलर हैं। इंस्टाग्राम पर दिशा के 50.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। एक्ट्रेस के सुपर सिजलिंग फोटोज इंटरनेट पर सामने आते ही छा जाते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी को पिछली बार फिल्म राधे में देखा गया था। अब उनकी अपकमिंग फिल्मों में एक विलेन रिटर्न्स, योद्धा और केटीना शामिल है। एक विलेन रिटर्न और योद्धा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फैंस अब दिशा की इन मूवीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि बॉलीवुड की मोस्ट सिजलिंग डीवा दिशा पाटनी के बोल्ड अंदाज की जितनी तारीफ करें, वो कम ही है। दिशा अक्सर ही अपनी सुपर स्टनिंग तस्वीरें शेयर करके फैंस के दिलों को जीत लेती हैं।

# रणबीर और आलिया न्यूली मैरिड कपल अपने-अपने काम पर लौटा



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे रणबीर कपूर और आलिया भट्ट शादी के बंधन में बंध चुके हैं। इन दोनों को दुल्हा-दुल्हन की जोड़ी में देखकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शादी के बाद भी आलिया-रणबीर से जुड़ी खबरें मीडिया में छाई हुई हैं। इसी बीच खबर हैं, शादी के बाद न्यूली मैरिड कपल अपने-अपने काम पर लौट चुके हैं। रणबीर जहां अपनी अपकमिंग फिल्म शमशेरा की शूटिंग के लिए तैयार हैं, वहीं आलिया भट्ट अपने प्रोजेक्ट के लिए राजस्थान के लिए उड़ान भरने वाली हैं। रणबीर और आलिया की शादी 14 अप्रैल को मुंबई के पाली हिल्स के अपार्टमेंट परिसर वास्तु में हुई थी। शादी में केवल कपल की फैमिली और फ्रेंड्स शामिल हुए है। बता दें कि अपनी शादी के एक दिन पहले भी आलिया को करण जौहर और रणवीर सिंह के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के सेट पर देखा गया था। जहां रणवीर, और इब्राहिम अली खान के साथ फिल्म के किसी स्पेशल गाने की शूटिंग कर रही थी। रिपोर्ट की मानें रणबीर से शादी करने के बाद वह रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की अधूरी शूटिंग पूरी करने के लिए जैसलमेर के लिए उड़ान भरने वाली हैं। फिल्म की अब बाकि शूटिंग राजस्थान के जैसलमेर शहर में होने वाली हैं। शूटिंग के लिए मंगलवार को आलिया उड़ान भरने वाली हैं। बता दें कि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी एक लव स्टोरी है। इसमें रणवीर-आलिया के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी भी अहम किरदार में हैं। फिल्म धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले अगले साल 10 फरवरी को रिलीज होगी। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, फिल्म उत्तर भारतीय लड़के और एक बंगाली लड़की के बीच प्रेम कहानी है। जो दिल्ली में रहते हैं। चर्चा है कि रणवीर सिंह उत्तर भारतीय लड़के और आलिया भट्ट बंगाली लड़की की भूमिका नजर आएंगे।

# तमिलनाडु पहुंची जाह्नवी, तस्वीरें की शेयर

**-दिख रही है तस्वीरों में प्रकृति की निराली छटा**



**मुंबई (ईएमएस)।** आजकल बालीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपने मित्रों के साथ तमिलनाडु की हसीन वादियों में अपना समय गुजार रही हैं। अपने काम से कुछ दिनों की छुट्टियों का वो हमेशा से इसी तरह से स्वागत करती हैं। जाह्नवी ने तमिलनाडु वेकेशन ट्रिप की दो तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह पहाड़ों पर दिख रही हैं, जिसके बैकग्राउंड में हरे-भरे चाय का बागान दिखाई दे रहा है। दूसरी फोटो में उन्होंने ऊटी के खास नजारे के साथ-साथ आसामान में बादलों के बीच छुपे सूरज को कैमरे में कैद किया। इन दोनों तस्वीरों में प्रकृति की छटा निराली दिख रही है। जाह्नवी कपूर, इन तस्वीरों को शेयर करने के लिए कुछ खास इमोजी को भी शेयर किया है। अभिनेत्री के पोस्ट पर जहाँ उनके पिता फिल्म निमार्ता बोनी कपूर ने कमेंट बॉक्स में हार्ट इमोजी शेयर कर उन्हें प्यार दिया है तो, वहीं फैंस भी हार्ट इमोजी और स्माइली फेस शेयर कर उनकी पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि 24 घंटे के अंदर जाह्नवी के पोस्ट को करीब 9 लाख लोगों ने लाइक किया है और हजारों लोगों ने कमेंट किया है। बात अगर वर्क फ्रंट की करें तो जाह्नवी कपूर अन्तिम बार वर्ष 2021 में राजकुमार राव के साथ फिल्म रूही में नजर आई थी। आने वाले समय में वे दर्शकों के सामने गुडलक जेरी, मिस्टर एण्ड मिसेज माही में आएंगी। बता दें कि श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर अक्सर घूमने के लिए अपने दोस्तों के साथ मुम्बई से बाहर जाती रहती हैं। अपने काम से कुछ दिनों की छुट्टियों का वो हमेशा से इसी तरह से स्वागत करती हैं।

# जयेशभाई जोरदार का ट्रेलर हुआ रिलीज



रणवीर सिंह स्टारर जयेशभाई जोरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म का बैकग्राउंड गुजरात पर बेस्ड है। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर है, जिसमें जयेश के मां बाप उससे बेटे की चाह करते हैं। पूरी कहानी इसी के इर्द गिर्द घूमती है। इसमें रणवीर के अलावा बमन ईरानी, रत्ना पाठक शाह शालनी पांडे भी नजर आएंगी। जयेशभाई जोरदार 13 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# संमाथा से अलग होने के बाद दूसरी शादी करने की तैयारी में नागा चैतन्या



**चेन्नई (ईएमएस)।** कभी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मोस्ट पॉपुलर जोड़ी रही समांथा और नागा चैतन्या का अलग होना फैंस के लिए किसी बड़े सदमे से कम नहीं था। इनकी शादी टूटने पर फैंस काफी दुखी हुए थे। फिल्मी गलियारों में अब नागा चैतन्या को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। अटकलें हैं कि पहली शादी टूटने के बाद नागा बिखर गए हैं। इसके बाद वे दूसरी शादी के बारे में सोच रहे हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक, नागा चैतन्या से शादी कर सकते हैं। ये वास्तव में काफी सरप्राइजिंग है। हालांकि इस लेकर अभी तक ना ही नागा चैतन्या और ना ही उनके परिवार की तरफ से कोई कंफर्मेशन आया है। रिपोर्ट का कहना है कि समांथा से अलग होने के बाद नागा चैतन्या टूट गए हैं। वे काफी अकेला और डीमोटिवेटेड फील कर रहे हैं।वे फिर से शादी करने के बारे में सोच रहे हैं। हालांकि अभी तक ये कंफर्म नहीं हो पाया है कि नागा चैतन्या किसी अभिनेत्री से शादी करने वाले या किसी और से, यह अभी तय नहीं हुआ।


सुनने में आया है कि नागा फिर से सेटल डाउन होने और दूसरी शादी के लिए खुद को इमोशनली और मेंटली तैयार कर रहे हैं। अब नागा के फिर से शादी करने की खबरों में कितनी सच्चाई है ये तो वक्त ही बताएगा। बात करें नागा और समांथा की 2017 में गोवा में उन्होंने धूमधाम से शादी की थी। इस ड्रीमी वेडिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। समांथा और नागा की ऑनस्क्रीन जोड़ी काफी पसंद की जाती है। वे कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अक्टूबर 2021 में दोनों ने अलग होने का ऐलान किया था।

# मानस्वी वशिष्ठ ने 'इमली' को कहा अलविदा



टीवी सीरियल इमली के मेकर्स पिछले कुछ समय से उतार-चढ़ाव भरा समय देख रहे हैं। सुंबुल तौकीर खान स्टारर यह सीरियल इस समय टीआरपी लिस्ट की टॉप 3 पोजीशन में भी अपनी जगह बना पाने में जूझ रहा है। कुछ महीने पहले ही इस शो को लीड कलाकार गश्मीर महाजनी ने छोड़ दिया था। इमली में गश्मीर महाजनी को रिप्लेस करने वाले कलाकार मानस्वी वशिष्ठ ने भी इसे टाटा बाय-बाय बोल दिया है। मानस्वी वशिष्ठ ने यह शो इस वजह से छोड़ा है क्योंकि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा था कि मेकर्स आदित्य के रोल को नेगेटिव दिखाने की कोशिश कर रहे हैं जो उन्हें मंजूर नहीं था। इन सबके बीच इमली के दर्शक इस बात को लेकर परेशान हैं कि कहीं मेकर्स इस शो को ही ना बंद कर दें।

# ऋतिक और रणवीर के साथ फिल्म बनाएंगी ऐश्वर्या



सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत 7 साल के बाद निर्देशन की जिम्मेदारी संभालने जा रही हैं। हाल ही में उन्हें कुछ हिंदी फिल्में डायरेक्ट करने का ऑफर मिला था और उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने में बहुत खुशी होगी।

ऐश्वर्या रजनीकांत ने यह भी बताया कि वह ऋतिक रोशन और रणवीर सिंह जैसे सितारों के साथ काम करना चाहेंगी। बता दें कि ऐश्वर्या रजनीकांत वर्क फ्रंट और अपनी निजी जिदंगी के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। जब ऐश्वर्या रजनीकांत से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी अपनी किसी फिल्म में मेगा स्टार रजनीकांत को कास्ट करने के बारे में सोचा है तो उन्हें कभी भी ऐसा विचार नहीं आया। ऐश्वर्या ने कहा कि वह अपने पिता की बहुत बड़ी फैन रहकर ही खुशी महसूस करती हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर कभी उन्हें अपने पिता को किसी फिल्म में लेने का मौका मिला तो वह चूकेंगी नहीं।


# अल्लू अर्जुन ने ठुकराया तम्बाकू का ऐड



अक्षय कुमार को विमल इलायची का ऐड करने पर ट्रोल किया जा रहा है, इस बीच खबर है कि अल्लू अर्जुन ने तंबाकू ब्रैंड का ऑफर रिजेक्ट कर दिया है। बताया जा रहा है कि अल्लू अर्जुन को तंबाकू कंपनी ने तगड़ा पैसा ऑफर किया था। हालांकि उन्होंने यह ऑफर नहीं लिया क्योंकि वह नहीं चाहते कि उनके फैन्स को किसी गलत चीज की आदत पड़े। बता दें कि कुछ वक्त पहले अमिताभ बच्चन भी एक पान मसाल कंपनी के ऐड में थे। उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया इसके खबर आई थी कि बिग बी ने इस कंपनी से अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया था और ली हुई फीस भी लौटा दी थी। अल्लू अर्जुन से जुड़ी एक ऐसी खबर आ रही है जिस सुनकर उनके फैन्स के दिलों में उनकी इज्जत और बढ़ जाएगी। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्लू अर्जुन को एक तंबाकू कंपनी ने ब्रैंड एंडोर्समेंट के लिए तगड़ी रकम ऑफर की थी। हालांकि अल्लू ने यह ऑफर ठुकरा दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, अल्लू अर्जुन के करीबी सोर्स ने बताया, अल्लू अर्जुन को तंबाकू ब्रैंड के लिए तगड़ा ऑफर मिला था लेकिन उन्होंने इसे रिजेक्ट करने में जरा भी देर नहीं लगाई क्योंकि वह खुद तंबाकू नहीं खाते। वह नहीं चाहते कि उनके फैन्स इस ऐड को देखकर यह प्रोडक्ट खाना शुरू कर दें जिससे आगे चलकर लत भी लग सकती है।

# श्री हरिमंदिर साहिब में नतमस्तक हुई कियारा आडवानी



फिल्म अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अमृतसर में हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार की सुबह वह श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेका। इस दौरान सफेद सूट व पीली चुन्नी के साथ कियारा बिलकुल पंजाबी कुड़ी के लुक में नजर आईं।सोशल मीडिया पर कियारा आडवानी ने अपनी तस्वीर को पोस्ट करते हुए कैप्शन दिया, "आभार" और हाथ जोड़ने व समाइल वाला इमोजी पोस्ट किया है। सोशल मीडिया पर कियारा की यह तस्वीर वायरल हो रही है। रिपोट्र्स के अनुसार कियारा सोमवार की रात फ्लाइट से अमृतसर पहुंचीं। कियारा यहाँ अपनी आगामी तेलुगु फिल्म आरसी 15 की शूटिंग करने वाली हैं। इस फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार रामचरण के साथ नजर आएंगी। यह दूसरा मौका है जब कियारा -रामचरण के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। इससे पहले वह साल 2019 में आई तेलुगू एक्शन थ्रिलर विनय विद्या राम में भी रामचरण के साथ दिखाईं दीं थीं। कियारा की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह आरसी 15 के अलावा भूल भुलैया 2 , जुग-जुग जियो और गोविंदा नाम मेरा में नजर आएंगी।

# फ्लाइट में ऋतिक रोशन ने ऐसे की प्रीति जिंटा की मदद, अभिनेत्री ने पोस्ट शेयर कर जताया आभार



हाल ही में प्रीति जिंटा लॉस एंजेलस से इंडिया आईं हैं। इस दौरान फ्लाइट में प्रीति की मुलाकात ऋतिक रोशन से हो गई। इस दौरान अभिनेत्री अपने जुड़वा बच्चों के साथ थी। तब ऋतिक रोशन ने स्वयं आगे आकर प्रीति जिंटा के दोनों बच्चों को संभाला और उनकी देखरेख भी की। प्रीति ने अब सोशल मीडिया पर इस बात के लिए ऋतिक रोशन को शुक्रिया कहा है और बताया कि आखिर क्यों वह एक अच्छे पिता हैं। प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम में ऋतिक संग एक फोटो शेयर की है और लिखा, "कई लोग आपकी जिंदगी में आते हैं और जाते हैं। लेकिन सिर्फ सच्चे दोस्त ही आपके दिल में घर कर जाते हैं। ऋतिक रोशन थैंक्यू सो मच, तुमने आगे आकर एक लंबी फ्लाइट में जय और जिया के लिए मेरी मदद की। अब मैं समझ सकती हूं कि तुम इतने अच्छे और समझदार पिता क्यों हो। तुम्हें ढेर सारा प्यार। खुद बच्चे होने से लेकर अब खुद के बच्चे होने तक, मुझे गर्व है कि हम कितना आगे आ गए हैं और साथ में आगे बढ़ रहे हैं।" गौरतलब है कि प्रीति जिंटा और ऋतिक रोशन ने साथ साल 2003 में राकेश रोशन की फिल्म कोई मिल गया में स्क्रीन शेयर किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई थी। वहीं अब दोनों के वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रीति जिंटा काफी समय से अभिनय जगत से दूरी बनाये हुए हैं। वहीं ऋतिक रोशन जल्द ही फिल्म विक्रम वेधा और फाइटर में अभिनय करते नजर आएंगे।

# पिता बने 'पंड्या स्टोर' एक्टर अक्षय खरोडिया



स्टार प्लस के मशहूर धारावाहिक पंड्या स्टोर में देव का किरदार निभा रहें अभिनेता अक्षय खरोडिया पिता बन चुके हैं। उनकी पत्नी दिव्या पुनेथा ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। इसकी जानकारी खुद अक्षय ने सोशल मीडिया के जरिये फैंस को दी है। अक्षय ने खरोडिया ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से बेटी के साथ फोटो भी शेयर की। अपनी फोटो में अक्षय खरोडिया बेटी को गोद में लेकर उसके साथ खेलते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने फोटो को शेयर करते हुए लिखा, "हमारे घर नन्ही परी ने जन्म लिया है। भगवान की दया से बेबी और मम्मी दोनों ही ठीक हैं और स्वस्थ हैं। आप सभी के प्यार, दुआओं और आशीर्वाद के लिए आप लोगों का शुक्रिया। आप सभी को मेरा ढेर सारा प्यार।" अक्षय के इस पोस्ट पर फैंस एवं सेलिब्रिटी उन्हें बधाई दे रहे हैं। गौरतलब है, अक्षय खरोडिया ने अपनी लांग टाइम गर्लफ्रेंड दिव्या पुनेथा से साल 2020 में शादी की थी और अब दो साल बाद वह अपने पहले बच्चे के रूप में प्यारी सी बेटी के माता-पिता बन चुके हैं। बेटी के आने से अक्षय और दिव्या दोनों बहुत खुश और उत्साहित हैं।

## सूडोकु नवताल- 6047

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6046 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्दजाल - 6794

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वा | ज | क | या | ज | का | मौ | स | ज | ड़ |
| क | ह | या | य | र्म | छ | स | या | ता | य | क |
| क | र | ल | र | दे | वी | स | न | ल | श | क |
| ज | इ | ल | म | सं | व | ज | श | र | ला | ल |
| क | ज | दा | ई | र | ब | ज | फ | लो | श | ज |
| क | ज | चे | दा | ई | क | स | री | ग | प | न |
| द | र | मी | प | व | ज | ना | र्द | न | ज | स |
| क | ज | ल | ज | न | व | री | ऐ | ना | प | हो |
| क | मी | ल | प | द | या | स | मा | ज | स | य |
| का | न | चे | न्न | ई | क | ज | री | ग | प | ग |

*शब्द जाल में 'ज' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

जवाहर, जयदेव, जनता, जय, जनार्दन, जनवरी, जनसहयोग, जमाना, जमीदार, जमीन.

**शब्दजाल - 6793 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | सी | ग | आ | बै | शा | खी | र |
| र | क्ष | ली | म | व | जी | णे | द | ज | क | म |
| चु | य | ल | बा | क | छ | स | श | ब | ख | जा |
| इं | तृ | ब | न | बा | र | स | ध | च | श | न |
| डि | ती | ति | क | ल | चा | सं | क्रो | धी | तु | च |
| य | या | द | र | री | झ | ली | क्रां | ण | घ | र्थी |
| र | क्षा | बं | ध | न | ई | बै | स | ती | दी | स |
| क | एं | द | ई | द | ब | द | फ | चो | पा | क |
| ओ | म | ब | श | रा | म | स | या | औ | व | आ |
| ण | गॉ | ल | प | ह | जी | त | ऐ | म | ली | द |
| म | ड | ल | प | य | रा | र्त | व्य | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5747

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | 6 | 7 | | |
| | 23 | 2 | 31 | | 39 | |
| | 5 | 1 | | | 7 | 4 |
| 6 | 33 | | 29 | 3 | 36 | |
| | 3 | | 4 | | | 2 |
| 7 | 37 | | 36 | 5 | 29 | |
| | 5 | 7 | 6 | | 2 | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5746 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 25 | 3 | 31 | 5 | 37 | 7 |
| 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 7 | 37 | 6 | 40 | 2 | 24 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 5 | 33 | 4 | 37 | 6 | 29 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- Delhicrimepress.in